RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831








हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 13 | अंक : 154 | 30 अप्रेल, 2018 | मूल्य : 20/-



# नागौर सहित समाज के विभिन्न सामूहिक विवाह आयोजन की झलकियां









बुंदी विवाह समारोह



बुंदी विवाह समारोह




लालसोट



लालसोट




निवाई



निवाई

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

सम्पादक मण्डल ● वर्ष :13 ● अंक 154 ● 30 अप्रेल, 2018 ● मूल्य : 20/- प्रति ●

**संरक्षक :**



श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

**संरक्षक :**



श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला
(समाजसेवी/भामाशाह)

**संरक्षक :**

**संरक्षक :**

**सह संरक्षकः**



श्री ब्रह्मसिंह चौहान
(जिला - उपाध्यक्ष, भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

जगदीश देवड़ा
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

रामेश्वर गहलोत
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## श्री अशोक गहलोत द्वारा आंबटित 6बीघा जमीन पुष्कर में मिली



## माली समाज को पुष्कर में मिली समाज हितार्थ कार्यो के लिए मिली 6बीघा जमीन

जयपुर। अखिल भारतीय माली सैनी सेवा संस्थान, पुष्कर धर्मशाला को 6 बीघा समाज हितार्थ के लिए जमीन का आंबटन राज्य सरकार ने किया है। ज्ञात रहे पिछली सरकार में श्री अशोक गहलोत ने सभी समाजों के साथ ही माली समाज को भी पुष्कर में समाज हितार्थ के लिए 6बीघा जमीन का आंबटन किया था। लेकिन सरकार के बदलते ही इस आदेश की पालना नहीं हुई।

अखिल भारतीय माली सैनी सेवा संस्थान, पुष्कर के अध्यक्ष श्री ऊँकारराम कच्छवाहा ने बताया कि संस्थान के सभी पदाधिकारियों ने इस हेतु वर्तमान मुख्यमंत्री वंसुधरा राजे सिंधिया को ज्ञापन दे समाज को पिछली सरकार द्वारा दी गई जमीन का आंबटन आदेश करवानें के लिए कहा। इस हेतु माली समाज के वरिष्ठ राजनेता श्री राजेन्द्र गहलोत, राज्यसभा सांसद श्री मदनलाल सैनी के साथ मिलकर संस्थान की कार्यकारिणी के साथ ही अन्य समाज की संस्थाओं के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने वर्तमान सरकार के केबिनेट मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी को समाज हितार्थ जमीन आंबटन के लिए प्रतिनिधि मण्डल के साथ मिलकर ज्ञापन दिया। इस पर श्री प्रभुलाल सैनी ने समाज के सभी पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि जल्द ही जमीन आंबटन का आदेश जारी हो जायेगा।

अखिल भारतीय माली सैनी सेवा संस्थान, पुष्कर के अध्यक्ष श्री ऊँकारराम कच्छवाहा ने बताया कि राज्य सरकार ने हमें जमीन आंबटित कर दी है इसके लिए मुख्यमंत्री के साथ ही समाज के केबिनेट मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी, राज्यसभा सांसद मदनलाल सैनी, वरिष्ठ राजनेता श्री राजेन्द्र गहलोत का हार्दिक आभार एवं राजस्थान के पूर्व मंत्री श्री अशोक गहलोत का कोटिशः धन्यवाद जिन्होंने समाज हित में अपने कार्यकाल में समाज को 6बीघा जमीन आंबटित की। माली सैनी संदेश परिवार की ओर से सभी पदाधिकारियों एवं समाज के सभी वर्गो को हार्दिक बधाई पुष्कर में माली समाज को मिली 6बीघा जमीन पर शीघ्र ही श्री ऊँकारराम कच्छवाहा व अन्य पदाधिकारी समाज हित में भव्य निर्माण करवा समाज के सभी वर्गो को लाभान्वित करेगें।



**आप सभी का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन**

# समाज का इतिहास . . .



(समाज के सभी वर्गो के निवेदन पर माली समाज के इतिहास की संपूर्ण जानकारी - पार्ट 12)

# माली जाति की उत्पति ...

इतिहासविद्

स्व. श्री सुखबीर सिंह गहलोत के ग्रंथ राजस्थान का माली सैनी समाज से साभार.....



मनीष गहलोत

### माली जाति का प्रमाणिक इतिहास

सन् 1891 में मारवाड़ (जोधपुर) राज्य ने जब जनगणना कराई तब विभिन्न जातियों के इतिहास पर शोधकार्य कराकर जो विस्तृत जानकारी प्रकाशित की गई, वह रिपोर्ट मरदुमशुमारी राज मारवाड़ सन् 1891 ईस्वी मं पृष्ठ 80से93 तक छपी है । इस ग्रंथ का प्रथम प्रकाशन 1894 में हुआ था । यह ग्रंथ अप्राप्य हो गया था, अतः अब 1997 में श्री जगदीशसिंह गहलोत शोध संस्थान ने उसका पुनः मुद्रण कराकर समाजसेवियों के लिये उसे उपलब्ध करा दिया है । राजस्थान की जातियों का यह एक बड़ा प्रामाणिक विश्वकोष है । उसी में से माली जाति का यहाँ परिचय दिया जा रहा है ।

इस तफसील से मारवाड़ की मरदुमशुमारी में मालियों की संख्या 60219 गिनी गई थी । उसमें मर्द 32204 औरतें 28015 थी । माली लोग काश्तकारी यानी खेती करने में ज्यादा होशियार हैं क्योंकि वे हर तरह का अनाज, साग–पात, फूलफल और पेड़, जो मारवाड़ में होते है, उनका लगाना और तैयार करना जानते हैं । इसी सबब से इनका दूसरा नाम बागवान हैं । बागवानी काम मालियों या मुसलमान बागवानों के सिवाय और कोई नहीं जानता। माली बरखलाफ दूसरे करसों अर्थात् किसानों के अपनी जमीनें हरमौसम में हरीभरी रखते हैं । उनके खेतों में हमेशा पानी की नहरें बहा करती हैं और इसीलिये ये लोग सजल गाँवों में ज्यादा मिलते हैं। थली में इनकी संख्या बहुत कम है।

माली लोग अपनी पैदायश महादेवजी के मैल से बताते है । उनकी मान्यता है कि जब महादेवजी ने अपने रहने के लिए कैलासवन बनाया तो उसकी हिफाजत के लिय अपने मैल से एक पुतला बनाकर उस में जान डाल दी और उसका नाम 'बनमाली' रखा । फिर उसके दो थोक अर्थात् बनमाली और फूलमाली हो गए । जिन्होंने वन अर्थात् कुदरती जगलों की हिफाजत की और उनको तरक्की दी वे 'बनमाली' कहलाये और जिन्होंने अपनी अक्ल ओर कारीगरी से पड़ी हुई जमीनों में बाग और बगीचे लगाये और उमदा–उमदा फूलफल पैदा किये, उनकी संज्ञा फूलमाली हुई । पीछे से उनमें कुछ छत्री (क्षत्रिय) भी परशुराम के वक्त में मिल गये क्योंकि वे अपने पिता के वध का बैर लेने के लिए पृथ्वी को निछत्री (क्षत्रियविहीन) कर रहे थे । मुसलमानों के वक्त में इस कौम की और अधिक तरक्की हुई जबकि उनके डर से बहुत से राजपूत माली बनकर छुटे थे । उस वक्त कदीमी मालियों के लिए 'महुरमाली' का नाम प्रचलित हुआ अर्थात् पहिले के जो माली थे, वे महुर माली कहलाने लगे । महुर के मायने पहिले के हैं ।

महुर माली जोधपुर में बहुत ही कम गिनती के हैं । वे कभी किसी समय में पूरब की तरफ से आये थे । बाकी सब उन लोगों की औलाद हैं जो राजपूतों से माली बने थे इनकी 12 जातियाँ हैं जिनके नाम कच्छवाहा, पड़िहार, सोलंकी, पंवार, गहलोत, सांखला, तंवर, चौहान, भाटी, राठोड़, देवड़ा, दहिया हैं ।

माली समाज अपने विषय में ज्यादा नहीं जानते । ज्यादा जानने के लिये वे अपने भाटों का सहारा लेते है । जोधपुर में ब्रह्माभट्ट नानूराम इस कौम का होशियार भाट है । उसके पास मालियों का बहुत सा पुराना हाल लिख हुआ है मगर माली लोग अपनी बेइल्मी के कारण अपने सही और गलत भाटों की सही परख नहीं कर पाते ।

मालियों के भाट उनका सम्बन्ध देवताओं से जोड़ते हैं और कहते हैं कि जब देवताओं और दैत्यों द्वारा समुद्र मथने से जहर पैदा हुआ था तो उसकी ज्वाला से लोगों का दम घुटने लगा । महादेवजी उसको पी गये, लेकिन उसे गले से नीचे नहीं उतारा । इस सबब से उनका गला बहुत जलने लगा था जिसकी ठंडक के लिये उन्होंने दूब भी बांधी और सांप को भी गले से लपेटा । लेकिन किसी से कुछ आराम न हुआ तब कुबेरजी के बेटे स्वर्ण ने अपने पिता के कहने से कमल के फूलों की माला बनाकर महादेवजी को पहिनाई । उससे वह जलन जाती रही ।

क्रमश :........

निवाई में 151, टोंक में 104, नागौर में 80, दौसा में 41 जोड़ों सहित सैकड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

# माली समाज में सामूहिक विवाहों की धूम

## सामूहिक विवाह पूर्व कलश यात्रा, गेर-डांडिया व बंदौली में उमड़े समाज के सभी वर्ग





**माली समाज के 151 जोड़े बने हमसफर**

निवाई अक्षय तृतीया के अबूझ सावे पर माली (सैनी ) समाज सामूहिक विवाह समिति के तत्वाधान में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में बुधवार को 151 जोड़े परिणय सूत्र में बंध गए। राज्य सभा सांसद मदनलाल सैनी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री नमोनारायण मीणा ने सम्मेलन में पहुंचकर वर–वधुओं को आशीर्वाद दिया। बुधवार की सुबह बावड़ी बालाजी मन्दिर से दूल्हों की निकासी निकाली गई। जुलूस बैंडबाजे व डीजे की धुनों पर रवाना हुआ। वहीं युवतियां डीजे की धुन पर नृत्य करती हुई चल रही थी। निकासी के जुलूस में दो हाथी व सात घोड़ियां शामिल थी। निकासी का जुलूस बावड़ी के बालाजी मन्दिर से रवाना होकर टोंक रोड, अहिंसा सर्किल, जयपुर रोड, दामोदर सर्किल, जमात होकर शिवाजी कालोनी के मुख्य मार्ग से गुजरकर सम्मेलन स्थल पहुंचा। जहां तोरण की रस्म अदा की गई। इसके बाद पाणिग्रहण संस्कार का काम शुरू हुआ। प्रधान आचार्य पं.केशव दाधीच के निर्देशन में विद्वान पण्डितों ने मंत्रोच्चार के साथ पाणिग्रहण संस्कार का कार्य सम्पन्न करवाया। आशीर्वाद समारोह में राज्य सभा सांसद मदनलाल सैनी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री नमोनारायण मीणा, पूर्व विधायक कमल बैरवा, पूर्व विधायक चौमू भगवान सहाय सैनी, कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रशांत बैरवा, पालिकाध्यक्ष राजकुमारी शर्मा, प्रधान चंद्रकला गुर्जर, कांग्रेस जिला सचिव दिलीप इसरानी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने वर–वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया।

सामूहिक विवाह सम्मेलन की पूर्व संध्या पर सम्मेलन स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें रामकुंवार मालुणी एण्ड पार्टी ने भजन प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माली समाज के जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सम्मेलन स्थल पर मेले जैसा माहौल रहा। करीब 50 हजार से अधिक माली समाज के लोगों ने शिरकत की। इस दौरान माली समाज के सभी संगठनों व समाज के लोगों ने व्यवस्थाओं में अपनी भूमिका निभाई। सम्मेलन स्थल पर गौतम नवयुवक मंडल द्वारा पेयजल के लिए प्याऊ लगाई जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारियों ने सेवा दी। सम्मेलन में अध्यक्ष नारायण मुंशी, कोषाध्यक्ष कालू तंवर, महामंत्री रामसहाय मुंशी, सीताराम कटारा, पूर्व पार्षद प्रहलाद माली, मीडिया प्रभारी छोटू लाल दीया, पूर्व पार्षद रमेशचंद सैनी, कन्हैयालाल दीया, डॉ. लालचंद, प्रेमचंद गंगाडा, मनोज अजमेरा, लालचंद सैनी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष दुर्गालाल सैनी, सुरेश चिकाना, गोपी चिकाना, बाबूलाल ठेकेदार, नाथू सांखला, पूर्व उप जिला प्रमुख बाबूलाल सैनी सहित समाज के सभी युवा व्यवस्था में जुटे हुए थे। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा मय पुलिस जाप्ते के सम्मेलन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात रहे। इन स्थानों से आए वर–वधु– माली समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में जयपुर, केकड़ी, अजमेर, मालपुरा, टोडारायसिंह, बनेठा, चौथ का बरवाड़ा, शिवाड़, राहोली, चाकसू, सांगानेर, लालसोट व सवाईमाधोपुर, जयपुर, अजमेर सहित आसपास के जिलों से वर–वधु परिणय सूत्र में बंधे।

**लालसोट में 104 जोड़ों ने थामा सामूहिक विवाह में एक दूसरे का हाथ**

बुधवार को उपखंड के सुरतपुरा ग्राम में महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति के तत्वाधान में माली(सैनी) समाज का आयोजित सप्तम सामूहिक विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया पर आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न जिलो से आए 104 दूल्हे तथा दुल्हनों ने परिणय सूत्र की डोर में बंधकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व खाद्य मंत्री परसादी लाल मीणा पूर्व केंद्रीय मंत्री जसकौर मीणा पूर्व वित्त राज्यमंत्री वीरेंद्र मीणा पूर्व आईएएस ब्रजमोहन मीना चेयरमैन जगदीश सैनी प्रधान रामकली मीना सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अतिथि के रूप में सम्मेलन में पहुंच कर नव युगलों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री परसादी लाल मीना ने कहा कि इस तरह के सामाजिक उत्थान के प्रयास सराहनिय है। लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस तरह के आयोजनों से समाज के आम तबके को लाभ मिलता है वहीं दहेज प्रथा पर अंकुश लगने के साथ–साथ महंगाई से भी लोगों को राहत मिलती है। वहीं दूसरी तरफ पूर्व केंद्रीय मंत्री जसकौर मीणा ने कहा कि 104 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन होना अपने आप में बड़ी बात है । समाज को नई दिशा मिलेगी युवा पीढ़ी को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ कर काम करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री वीरेंद्र मीणा ने कहा



कि सम्मेलन में अनुशासन अपने आप में मिसाल है । हजारों की तादाद में लोगों की भीड़ होने के बावजूद स्व अनुशासित व्यवस्था होने से सम्मेलन जैसी परंपरा को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं दूसरी तरफ पूर्व आईएएस बृजमोहन मीणा ने कहा कि दहेज रूपी कुरूती से निजात पाने के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन कारगर उपाय है । लोगों को इस तरह के आयोजनों से प्रेरणा लेकर काम करना चाहिए । इस अवसर पर पूर्व मंत्री परसादी लाल मीणा ने सम्मेलन में सहयोग के लिए 61 हजार , पूर्व केंद्रीय मंत्री जसकौर मीणा ने 21 हजार, पूर्व मंत्री वीरेंद्र मीणा ने 11 हजार, व पूर्व आईएएस ने 11 हजार की राशि सहयोग के लिए दी । इस अवसर पर भाजपा नेता सुमन मीणा , जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भावना सैनी, प्रहलाद प्रसाद सैनी बोली, भागचंद सैनी सवाई माधोपुर, छोटे लाल सैनी गंगापुर सिटी,पांचू राम सैनी जमादार , घासी लाल माली ,शंभू लाल माली, मुकेश माली बगड़ी, रमेश माली खटवा ,रामजीलाल रूपपुरा, रामजीलाल बनास्या, एडवोकेट सूरज माली , भागचंद सैनी पार्षद कमलेश सैनीख् पार्षद रामप्रसाद सैनी, सहित अनेको लोग मौजूद थे । कार्यक्रम का संचालन गोविंद नारायण माली ने किया।

70 हलवाइयों की टीम ने संभाला मोर्चा ,40 हजार लोगों ने लिया भागरू सैनी समाज के आयोजित सप्तम सामूहिक विवाह सम्मेलन में सवाई माधोपुर टोक दोसा जयपुर ग्रामीण सहित आसपास के जिलों से आए समाज के 40 हजार लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। लोगों के कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों के लिए भोजन व्यवस्था को अंजाम देने के लिए 70 हलवाइयों की टीम ने 12 भटटीयों पर अपना मोर्चा जमाए रखा । मुकेश हलवाई के अगुवाई में दवाइयों की टीम द्वारा 5 भटटीयों पर जहां दाल बनाई जाती रही 6 भटटीयों पर पूरी बनाने का काम किया गया। मुकेश हलवाई ने बताया कि 30 बोरी चीनी के लड्डुओं का निर्माण किया गया है । उन्होंने बताया कि लगभग कार्यक्रम में 40 हजार लोगों के भोजन का इंतजाम किया गया है । इधर दूसरी तरफ महिला तथा पुरुषों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। अलग टेंट लगाए गए वही भोजन व्यवस्था को सही अंजाम देने के लिए सुरतपुरा ग्राम सहित सैनी समाज के लोगों द्वारा मोर्चा संभाला गया । हजारों की तादाद में लोग पंगत प्रसादी ग्रहण करते हुए नजर आए।

इससे पूर्व महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति के तत्वावधान मे उपखण्ड के सुरतपूरा गांव मे अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले सैनी समाज के सप्तम सामुहिक विवाह सम्मेलन 17 अप्रैल को गणेश पूजन के साथ आगाज किया किया गया । इस अवसर पर भगवान गणेश भगवान की पूजा अर्चना कर 1100 महिलाओं ने कलशयात्रा में गाजेबाजे के साथ भाग लिया । कलश यात्रा बिनौरी बालाजी मोड़ से रवाना होकर सुरतपुरा सामूहिक विवाह स्थल पर पहुंची।

कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब की स्थिति रही की एक छोर जहां बिनोरी मोड़ पर था तो दूसरा सूरतपुरा गांव जाने वाले मोड़ पर था तो दूसरा छोर सूरजपुरा गांव को जाने वाले मोड़ पर । इस अवसर पर हजारों की तादाद में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस दोरान वाहन दुर्घटनाओं से बचने के लिए समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा सुरक्षा कर्मी की भूमि निभाई गई। वहीं दूसरी तरफ रात 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोग कलाकारों की भव्य प्रस्तुति को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए।

**मलीपुरा में 41 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ**

नगरफोर्ट क्षेत्र के राम सागर, मलीपुरा, हीरापुरा के तालाब पेटे में माली समाज का सामूहिक विवाह समिति की ओर से आयोजित द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में 41 जोड़ों ने एक दूसरे का हमसफर बनकर सात जन्म साथ निभाने का वादा करते हुए अग्नि के सामने फेरे लिए। विवाह स्थल पर बुधवार सुबह आचार्य कृष्ण बिहारी शर्मा ने गणेश स्थापना करवाई। इसके बाद लघु पुष्कर मांडकला सरोवर तट पर स्थित श्री कल्याण जी महाराज मंदिर से बैंड बाजों के साथ कैंटरों में वर–वधुओं की निकासी निकाली। बारात के विवाह स्थल पर पहुंचने पर जनकपुरी पंडाल में वधू पक्ष ने बरातियों का स्वागत किया। इसके बाद तोरण की रस्म निभाई। तालाब पेटे में बने पांडाल में वर–वधु के सामूहिक फेरे कराए गए।

दुल्हा दुल्हनों को मंगलसूत्र, चांदी की अंगूठी, पायजेब सहित बर्तन, पलंग, पंखे, अलमारी, बक्सा, टीवी, दीवार घड़ी, कुर्सी आदि का सामान दिया गया। समारोह में उपसभापति अजय सैनी, पांचू लाल सैनी, मोतीलाल सैनी, मदन ठेकेदार, मोतीलाल सांखला, रमेश गढ़वाल, पार्षद मुकेश सैनी, बाबूलाल सैनी, सुरेश सैनी, किशन लाल सैनी, हीरालाल सैनी सहित कई गांवों से आए लोग मौजूद थे।

**नागौर में 80 जोड़ों के सामूहिक विवाह में उमड़ा समाज दो किमी तक निकासी 51 जगह हुआ स्वागत**

नागौर। सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान तीनों गांव नागौर का पहला सामूहिक विवाह सम्मेलन बुधवार को हुआ। इसमें 80 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। खास बात यह रही कि सभी जोड़ों ने सात फेरों के बाद कन्या भ्रुण हत्या नहीं करने व अन्य लोगों को भी इस बारे में जागरूक करने का



संकल्प लिया। सभी जोड़ों का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र दिए। माली समाज संस्थान से चेनार के शक्कर तालाब तक 80 दूल्हों की दो किमी लंबी निकासी निकली। 6 क्विंटल पुष्प बरसा कर 51 जगह किया स्वागत। चेनार स्कूल के पास 4 मंडप में बारात स्वागत व प्रीतिभोज हुआ। आयोजन के अध्यक्ष रामस्वरूप पंवार ने बताया कि 35 हजार मेहमानों के खाने की व्यवस्था की गई। 2500 कार्यकर्ताओं की टीम ने व्यवस्थाएं संभाली। समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 80 दूल्हों की निकासी निकली तो माली समाज संस्थान से चेनार के शक्कर तालाब तक दो किलोमीटर में बाराती ही बाराती थे। निकासी में 7500 बाराती शामिल हुए। 51 जगह पुष्पवर्षा के साथ बारात का स्वागत किया गया। इस दौरान करीब छह क्विंटल पुष्प बरसाए गए। जहां से निकासी निकली, उस रूट पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया। निकासी में तीन बैंड शामिल हुए। इनमें शामिल 85 लोग संगीत वाद्य यंत्र बजा रहे थे।

- **सामूहिक विवाह के लिए 2.5 लाख स्क्वायर फीट के डोम**
- **डोम में 32 सीसीटीवी और 80 बीघा में पार्किंग**
- **80 जोड़ों का 8वां वचन– कन्या भ्रुण हत्या न होने देंगे**
- **170 हलवाइयों ने बनाया 35 हजार लोगों का खाना**
- **28 क्विं. गौंद पाक, 45 क्विं. चमचम बनाई मेहमानों के लिए**
- **बारात के लिए 9 शहर–गांवों से मंगवाई गई 85 घोड़ियां**
- **4 टन दही की छाछ बनाई गई**
- **18 काउंटर लगाए गए मेहमानों को खाना खिलाने के लिए**
- **मुख्यमंत्री ने दिया हर जोड़े को बधाई संदेश**

80 जोड़ों की निकासी के लिए 85 घोड़ियां आयोजन समिति ने मंगवाई थी। इनमें नागौर से 27, जोधपुर से 20, कुचेरा से 6, रोल से 20, पालड़ी से 2, जालनियासर से 6, चेनार से 3 और ताऊसर से 5 घोड़ियां मंगवाई गई। समिति की ओर से 1650 मेहमानों का शॉल देकर स्वागत किया गया। निकासी के दौरान 3 बैंड थे। इनमें 24 कलाकार पंजाबी बैंड के थे। जबकि 45 कलाकार सम्राट बैंड के और 16 कलाकार भंगड़ा बजाने वाले थे। निकासी में शामिल सभी लोगों का संस्थान अध्यक्ष रामस्वरूप पंवार और सभापति कृपाराम सोलंकी ने स्वागत किया।

परिणय सूत्र में बंधने वाले सबसे ज्यादा 33 जोड़े नागौर के हैं। मेड़ता सिटी के 8 और फलोदी के 4 जोड़ों के साथ ही पाली जिले के जैतारण, जोधपुर के भोपालगढ़ और पीपाड़ के जोड़ों ने भी फेरे लिए। हर जोड़े को 35 तरह के घरेलू आइटम उपहार में दिए गए। मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की ओर से बधाई संदेश लिखा प्रमाण पत्र भी दिया गया। इसमें फिजूलखर्ची रोकने के लिए उनके प्रयास की सराहना की गई। यातायात नियमों का पालन करने करने की भी सीख दी और हेलमेट उपहार में दिए गए।

- **40 टेबल लगाई बान भरने के लिए**
- **2500 कार्यकर्ताओं ने संभाली सामूहिक विवाह के आयोजन की सभी व्यवस्थाएं।**
- **कार्यक्रम की सीख पांडाल में पॉलीथिन के स्थान पर ईको फ्रेंडली थैलों का उपयोग किया। यातायात नियमों का पालन करने की भी दी सीख**
- **वर और वधू पक्ष की ओर से बतौर रजिस्ट्रेशन फीस 21–21 हजार रुपए लिए गए**
- **जोड़ों को आयोजकों ने पौधे भी दिए**
- **दूल्हों को सड़क सुरक्षा हेतु हेलमेट दिए**
- **उपहार में 10 हजार के किसान क्रेडिट पत्र देकर बचत का संदेश भी समाज के भामाशाह द्वारा किया गया।**



सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान तीनों गांव नागौर के तत्वावधान में प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। समाज के 80 जोड़ों का विवाह इस अवसर पर हुआ। इस अवसर पर परमहंस संत रामप्रसाद महाराज ने रुक्मणी विवाह मंगल कथा के श्रवण का भी लाभ श्रद्धालुओं को मिला। इस अवसर पर महामंडलेश्वर संत कुशाल गिरी महाराज ने भी अपना आशीर्वचन प्रदान किया। कार्यक्रम में तेलंगाना सरकार में राज्य मंत्री का पद प्राप्त व राजस्थान मूल के निवासी प्रेम सिंह राठौड़, संत लिखमीदास महाराज स्मारक विकास संस्थान के अध्यक्ष राजेंद्र गहलोत, सचिव राधाकिशन तंवर, फुले संस्थान के पदाधिकारी मांगीलाल पंवार, भामाशाह रामबल्लभ भाटी, नगर सभापति कृपाराम सोलंकी, नागौर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन जीवनमल भाटी, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष एचआर कुड़ी, एससी एसटी आयोग के सदस्य के .रामुलू, नागौर विधायक हबीबुर्रहमान, डीडवाना के डॉ. गणेश सैनी, भामाशाह रामस्वरूप कच्छवाह, नरेंद्र कच्छवाह, रामेश्वर, कैलाश भाटी भी विशिष्ट अतिथि थे।

सैनिक क्षत्रिय माली समाज के बालकिशन भाटी के अनुसार कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न व्यवस्थाओं में मेघराज कच्छवाह, पन्नालाल भाटी, ह्यूमन फ्रेन्डस ग्रुप हैदराबाद, न्यू राजस्थानी क्षत्रिय संघ, कानाराम टाक, माली सैनी संदेश संपादक मनीष गहलोत, माली मंथन के संपादक सत्यनाराण कच्छवाहा, अर्जुन राम कच्छवाह, सीताराम सांखला, घनश्याम कच्छवाह, रामगोपाल भाटी, विकास गहलोत, सीताराम देवड़ा, रामविलास सांखला, अमरसिंह पंवार, जवाहर, छोटमल, धर्माराम सांखला, पवन भाटी, बंकटलाल भाटी, सूरजमल भाटी, हनुमान भाटी ,रामदयाल सोलंकी सहित अनेक भामाशाहों को आयोजन में सहयोग देने पर सम्मानित किया गया ।

समाज को चिकित्सा क्षेत्र में सहयोग करने के लिए बाली बाई रतनलाल पंवार बास हेमलसर की ओर से एक एंबुलेंस भी भेंट की गई जिसकी भूरी भूरी प्रसंशा की गई।

आयोजन के अवसर पर अधिकारियों ने दिया वर–वधु को आशीर्वाद जिसमें प्रमुख रूप से पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम परसाराम टाक व महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशिका डॉ अनुराधा सक्सेना ने वर वधु को शुभकामना व बधाई दी। राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सभी वर व वधु को लिखित में गृहस्थ जीवन की मंगल कामना दी तथा समाज के इस कार्य को अनुकरणीय कदम बताया। भामाशाहों ने वर को यातायात नियम पालन के तहत हेलमेट भी प्रदान किया।

इसी प्रकार कार्यक्रम में माली समाज धर्मशाला पुष्कर के अध्यक्ष



ओंकारमल कच्छवाह, नवरतनमल सिंगोदिया, राजेन्द्र गहलोत, एसडीएम परसाराम टाक, डॉ. सक्सेना ने भी विचार व्यक्त किए। वहीं संस्थान अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव रामकुमार सोलंकी, सदस्य राजेन्द्र पंवार, रामबक्ष सांखला तथा टीकमचन्द कच्छवाह, राधेश्याम टाक, मांगीलाल गहलोत, रूपचन्द टाक, रामेश्वर पंवार, मुकेश भाटी, हनुमान भाटी, माली महिला मंडल हैदराबाद की मातृशक्ति, बुटाटी माली समाज कार्यकर्ताओं, कमल भाटी, नथमल गहलोत, कृपाराम गहलोत, दौलत भाटी व उपाध्यक्ष रामजस भाटी ने सहयोग किया।

सैनिक क्षत्रिय माली समाज के बालकिशन भाटी के अनुसार भामाशाह श्री गंगाराम परिहार व श्री रूपाराम परिहार तथा परिजनों द्वारा सभी बन्धुओं के लिए स्वादिष्ट व ठंडी छाछ की व्यवस्था की गई ।

**आईस्क्रीम से बारातियों की कराई गई मनुहार**

इससे पूर्व माली संस्थान भवन से एक साथ 80 वर की एक साथ निकासी चेनार उ.मा.विद्यालय के पास स्थित परिसर के लिए निकली। जिससे डीडवाना मार्ग दो घंटे बंद रहा। चेनार के जगावता बास के समाज बन्धुओं को डेढ़ क्विंटल पुष्पवर्षा से तथा आईसक्रीम से बारातियों की आवभगत की गई। धुंधाड़ा, लूणी जोधपुर के लिखमीसर गैर मंडल के नन्हे मुन्हे समाज बन्धुओं ने बहुत ही मनमोहक नृत्य कर समाज बन्धुओं का मन मोह लिया। पीपाड़ माली समाज व नागौर क्षेत्र के समाज बन्धुओं ने भी गैर नृत्य किया। यह नृत्य मंगलवार 17अप्रेल रात्रि में सम्पन्न हुआ।

इससे पूर्व मंगलवार को माली समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन का आगाज जोड़ों को घी पिलाने की रस्म के साथ शुरू हो गया। मुख्य समारोह चेनार में व्यवस्था के लिए 250 कूलर रखे गए है। वहीं पीने के पानी की व्यवस्था में ढाई लाख लीटर पानी मंगवाया गया है। मंगलवार को माली समाज संस्थान में संत रामप्रसाद महाराज ने कथा का वाचन किया। विवाह सम्मेलन की पूर्व संध्या पर डीडवाना रोड स्थित माली समाज भवन में डांडिया नृत्य का आयोजन हुआ। आयोजन की खास बात यह है कि संतों के लिए भी अलग से बग्गी की व्यवस्था रही।

**बड़ोदिया में 51 जोड़ो का का 13 वा हाड़ौती माली समाज सामूहिक विवाह समेलन सम्पन्न :** क्षेत्र के बड़ोदिया ग्राम में 18 अप्रेल 2018 को भव्य व ऐतिहासिक 51 जोड़ो का 13 वा हाड़ौती माली समाज सामूहिक विवाह समेलन का आयोजन आदर्श माली विकाश सिंमिति के तत्वावधान में किया गया । रात्रि 10 बजे वर माला कर्यक्रम ओर अथिति समान–सत्कार, भामासाह कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान सभी 51 बालिग जोड़ो को बाल विवाह न करने, कन्या भ्रूण हत्या न करने , बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ की शपथ सभी 51 जोड़ो को कारयर्क्रम के मुख्य अथिति रास्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेशाध्यक्ष श्रीमान भवँर लाल धोलाषया (अखिल भारतीय माली सेवा संस्थान ) अध्यक्षता कर रहे डॉ. अनिल सैनी (सर्जन)प. बृज सुंदर शर्मा सामान्य चिकित्सालय ने दिलवाई। कार्यक्रम के विशिष्ठ अथिति जिला माली विकाश सिंमिति बूंदी के जिला अध्यक्ष सीताराम सैनी, फुंदी लाल सैनी ग्राम सेवा अधिकारी ठिकरदा, रहे। अथितियों के रूप में सयोजी लाल सैनी(पूर्व सरपंच अमरतीया), जगदीश सैनी, पी टी आई, धन्ना लाल सैनी संयोजक जिला बूंदी प्रदेश माली महासभा , रामकिशन सैनी(पूर्व सरपंच ठिकरदा) नंद लाल सैनी बड़ा नया गांव, छात्रावास हिंडोली अध्यक्ष रामकिशन आदि ने अपने विचार व्यक्त किये ओर समाज को जागरूक ओर एकीकरण के लिए प्रेरीत किया । कार्यक्रम संचालन नरेश कुमार कोटवाल सचिव (आदर्श माली विकाश सिंमिति) ने किया। सभी अथितियों का सिंमिति सदस्यो द्वारा माल्यार्पण ओर साफा बंधवा कर स्वागत किया गया। सिंमिति अध्यक्ष घाशी लाल ब्लोप्या व उपाध्यक्ष रामकिशन मेम्बर ने अथितियो के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की सुरुआत की। सभी अथितियों ओर भामाशाह को सिंमिति द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किये गए। कार्य कर्म देर रात 2 बजे तक चला।





# पूरे देश में महात्मा फूले जयंति की रही धूम

## रैली, रक्तदान, चिकित्सा शिवर, संगोष्ठियां, प्रतिभा सम्मान सहित हुए अनेकों आयोजन





प्रभुलाल सैनी व अशोक गहलोत महात्मा ज्योति बा फूले जयंति पर नमन करते हुए

**महात्मा फुले से हमें समाज सेवा एवं देश कल्याण की प्रेरणा मिलती है:** जयपुर। महात्मा ज्योतिबा फुले की 192वीं जयंती शहरभर में समारोह पूर्वक मनाई गई। सुबह प्रभातफेरी व पुष्पांजलि कार्यक्रम हुए। शाम को महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान, जयपुर की ओर से मुख्य समारोह हुआ। राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा सहित कई संगठनों की ओर से बाइस गोदाम सर्किल स्थित महात्मा फुले की प्रतिमा पुष्पांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट ने महात्मा फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महात्मा फुले भारत के इतिहास के उन प्रभावशाली व्यक्तियों में से हैं, जिन्होंने आधुनिक भारत के नवनिर्माण एवं समाज कल्याण के लिए निस्वार्थ भाव से अपना योगदान दिया। इनकी सकारात्मक सोच एवं सार्थक प्रयासों ने समाज को नई दिशा दी है जिसके लिए आज हम सब उनका आभार व्यक्त करते हैं। इनका जीवन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। इससे हम सभी को समाज सेवा एवं देश कल्याण की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री प्रभु लाल सैनी, पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत, कांग्रेस नेता प्रतापसिंह खाचरियावास, सेवानिवृत्त आईएएस सत्यनारायण सिंह, माली सैनी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष छुट्टनलाल सैनी, पूर्व पार्षद रोशन सैनी, पूर्व पार्षद शीला सैनी, ओम राजोरिया मौजूद रहे। जयपुर माली (सैनी) विकास आदर्श संस्था व भाजपा के श्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओश प्रकल्प भाजपा की ओर भाजपा कार्यालय से प्रभातफेरी निकाली गई। संस्था के अध्यक्ष रमेश सैनी फरमेवाले के सानिध्य में निकली प्रभातफेरी को भाजपा शहर अध्यक्ष संजय जैन, ऑल राजस्थान व्यापार मंडल अध्यक्ष किशोर टांक सहित अन्य लोगों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभातफेरी विभिन्न रास्तों से होते हुए 22 गोदाम सर्किल पहुंची। यहां आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल हो गई।

**जोधपुर में हुआ रक्तदान व पुष्पाजंलि का आयोजन :** माली संस्थान जोधपुर के मंत्री योगेश गहलोत ने बताया कि आज महात्मा फूले की 191वीं जयंति के अवसर पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। महात्मा ज्योतिबा फूले पार्क में आयोजित कार्यक्रम में राजसिको के पूर्व चैयरमेन सुनील परिहार, जेडीए के पूर्व चैयरमैन राजेन्द्र सोलंकी, माली संस्थान अध्यक्ष पुखराज सांखला, पूर्व अध्यक्ष देवीचन्द देवड़ा, पूर्व महापौर ओमकुमारी गहलोत, आरपीएससी के पूर्व सदस्य प्रो. श्यामसिंह टाक, प्रेमचंद सांखला, पूर्व बीजेपी अध्यक्ष नरेन्द्र कच्छवाहा, राजेन्द्र कुमार गहलोत, भाजपा जोधपुर देहात कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री हीरालाल मेघवाल, देहात महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती संगीता बेनीवाल, शहर अध्यक्ष श्रीमती मनीषा पंवार, महिला प्रदेश कांग्रेस की महासचिव श्रीमती कुंती देवड़ा, अरविन्द परिहार, श्रीमती प्रेमलता परिहार, देहात प्रवक्ता श्रीमती दिव्या गहलोत, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष महेन्द्र तंवर के साथ ही डॉ. अजय त्रिवेदी, डॉ. धनपत गुर्जर, पुखराज जी पेन्टर, सुभाष गहलोत, नरेन्द्र परिहार, हनुमान देवड़ा, रमेश सोलंकी, जेएनवीयू महासचिव अशोक भाटी, श्रीमती मधु सांखला, अन्नु गहलोत, विजय लक्ष्मी पटेल सहित समाज के सैकडों प्रबुद्धजनों ने महात्मा फूले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर महान आत्मा को नमन किया।

इस अवसर पर सुनील परिहार ने महात्मा फूले के सैकड़ों वर्षों पूर्व दलितों एवं पिछड़ों पर न केवल अत्याचारों के रोकने के लिए विरोध किया, उनके उद्धार के लिए अनेकों अनेक कार्य किए जिसमें जाति प्रथा को हटाने व महिला शिक्षा को बढावा देने के लिए उच्च जाति से संघर्ष कर शुद्रों अतिशुद्रों को न्याय दिलाने के लिए शिक्षित करने हेतु सर्व प्रथम अपनी धर्मपत्नी को शिक्षित कर महिला शिक्षा हेतु स्कूल आरंभ किए।

इस अवसर पर श्यामसिंह टाक ने कहा कि महात्मा फूले ने 21 वर्ष की आयु में ही शिक्षा के लिये विद्यालय खोला जिसमें शुद्रों अतिशुद्रों को शिक्षा देना आरम्भ किया। उनके कार्यों से प्रभावित हो उस वक्त अंग्रेज शासकों ने न केवल सर्वोच्च सम्मान दिया, बल्कि उनके विद्यालय के लिए वार्षिक योगदान भी प्रदान किया,






दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मण्डेला भारत की धरती पर कदम रखने के लिए सर्वप्रथम महात्मा फूले के कर्मस्थली पर पहुंच महान आत्मा को नमन किया। इस अवसर पर जेडीए के पूर्व चेयरमेन राजेन्द्र सोलंकी सहित अनेक प्रबुद्धजानों ने महात्मा फूले की जीवनी पर प्रकाश डाला साथ ही उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर बहुप्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान से सैकडो विद्यार्थियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर रक्तदान में हिस्सा लिया एवं महान आत्मा के पदचिह्नों पर चलने का प्रण लिया।

इस अवसर पर माली युवा महासभा के जिलाध्यक्ष निर्मल सोलंकी व यश सोलंकी के नेतृत्व में समाज के युवा कार्यकर्ताओं ने बढ–चढ कर भाग लेते हुए 56 यूनिट रक्त संग्रह करवाया जिसमें मनीष गहलोत, विमलेश गहलोत, पंकज सांखला, प्रकाश भाटी, नितेश कच्छवाहा, नरसिंह गहलोत, विरेन्द्र चौहान, राजकुमार सोलंकी, सुमित गहलोत, दशरथ गहलोत, नीतिश सोलंकी, ईश्वर पंवार, विनित भाटी के साथ समाज की सभी संगठनों व संस्थाओं सहित युवा पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

**सुमेरपुर में महात्मा फुले ब्रिगेड ने निकाली वाहन रैली** : माली समाज महात्मा फुले ब्रिगेड सुमेरपुर–शिवगंज की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले की 191 वीं जयंती पर बुधवार को दुपहिया वाहन रैली निकाली गई। रैली में वाहन चालक व सवार सभी के सिर पर लाल रंग के साफे पहने हुए थे,जिसमें समाज की कई बेटियां भी सम्मिलित थी। रैली में दिल्ली, जयपुर, पूना, सिरोही, पाली व जालोर जिले के माली समाजबंधुओं ने शिरकत की। वाहन रैली सुबह साढ़े दस बजे झांसी की रानी सर्कल से रवाना हुई,जो मालियो का वास, भैरू चौक, मुख्य बाजार, गांधी मूर्ति समेत विभिन्न सड़कों से मंगल कलश चौराहा होते हुए शिवगंज पहुंची। इसके बाद रैली पुराना बस स्टैंड, मुख्य बाजार, अग्रसेन रोड, गोशाला सड़क से गोकुलवाड़ी मोहल्ले में पहुंची, जहां महात्मा ज्योतिबा फुले सर्कल पर माली समाज अध्यक्ष नैनाराम गहलोत, पूर्व अध्यक्ष नारायणलाल परिहार, प्रकाश भाटी, प्रकाश टांक, प्रकाश परिहार, चंपालाल गहलोत, बडगांव उपसरपंच प्रकाश कुमार समेत कई नागरिकों ने पुष्पवर्षा से रैली का स्वागत किया।



**अतिथियों का किया सम्मान** : सभा के प्रारंभ में ब्रिगेड के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। समारोह में महात्मा फुले ब्रिगेड के प्रदेश संगठन मंत्री भरत कुमार चौहान, नगर परिषद सिरोही के सभापति ताराराम माली, माली समाज सुमेरपुर अध्यक्ष भंवरलाल देवड़ा, नारायणलाल चौधरी, नगर परिषद के पूर्व आयुक्त शंकरलाल गहलोत, अधिवक्ता महेंद्र गहलोत, नगर पालिका पार्षद लक्ष्मण परिहार, पंचायत समिति सदस्य प्रताप परमार, मीठालाल देवड़ा, नरेश कुमार माली, हीरालाल गहलोत, महात्मा फुले ब्रिगेड के संभाग अध्यक्ष महेंद्र देवड़ा, जिला उपाध्यक्ष दीपक गोयल, तहसील अध्यक्ष नरेश सांखला, जय भाटी, जयेश देवड़ा आदि उपस्थित थे।

ज्योतिबा फुले को मिले भारत रत्नः वाहन रैली के समापन पर बाण माता मंदिर परिसर में महात्मा फुले ब्रिगेड की ओर से आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें महात्मा फुले ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसिंह सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्श कार्यों का जिक्र करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। ब्रिगेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवरामदास महाजन ने सावित्री बाई की जीवनी पर प्रकाश डाला और समाज की महिलाओं को बालिका शिक्षा पर जोर देने का आग्रह किया। समारोह को प्रदेशाध्यक्ष ललिता सैनी,प्रदेश सचिव डॉ मुकेश सैनी, दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष इंद्रा सैनी, वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष रघुनाथ देवड़ा, युवा नेता दीपक भाटी ने भी संबोधित किया। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत रत्न देने पर जोर दिया। अंत में महात्मा फुले ब्रिगेड के प्रदेश सचिव महेश परिहार ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट महेंद्र कुमार गहलोत ने किया।

सोजत। माली समाज सोजत की ओर से बुधवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 191 वीं जयंती के अवसर पर जुलूस निकाला गया। जिसमें बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ व बाल विवाह को रोकने जैसी शिक्षाप्रद झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। वहीं पारम्परिक ढोल की थाप पर गेरियों ने भी खूब धमचक मचाई। इस अवसर पर दुर्गावाहिनी की बालिकाओं ने भी युद्घ कलाओं का प्रदर्शन किया। स्थानीय जैतारणिया दरवाजा स्थित माली समाज भवन से निकला यह जुलूस मालियों की हवेली, जौहरी बाजार, चारभुजा मंदिर चौराहा होते हुए बागेलाव स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क पहुंचा। यहां गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके समाज के चेयरमैन मांगीलाल चौहान, पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता ताराचंद टांक, पूर्व पालिकाध्यक्ष आनंद भाटी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवाराम परिहार, सोहनलाल टांक, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्यामलाल टांक, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मनीष पालरिया, पार्षद मनीष सोलंकी, कांग्रेस नेता महेंद्र पालरिया, ताराचंद टांक, कमलेश सांखला आदि उपस्थित थे।

**दौसा में ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान की ओर से शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हुई** : प्रतियोगिता में सैनी समाज के बालक बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सचिव राजेश सैनी ने बताया कि सुलेख कनिष्ठ वर्ग में प्रियंका सैनी प्रथम, सुमन सैनी द्वितीय रही। वरिष्ठ वर्ग में कृष्ण




कुमार सैनी प्रथम, निकिता द्वितीय, निबंध कनिष्ठ वर्ग में रिया सैनी प्रथम रहीं। चित्रकला में वरिष्ठ वर्ग में स्नेह सैनी प्रथम रही। एकल गीत में कनिष्ठ व वरिष्ठ में क्रमश शुभम सैनी, ज्योति सैनी, सरला सैनी प्रथम व द्वितीय रही। नृत्य में निकिता वर्ग में ज्योति प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेहंदी में कनिष्ठ वर्ग में ज्योति प्रथम, नीतू द्वितीय, वरिष्ठ वर्ग में सरला व रेखा सैनी ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मोहन मूर्तिकार रहे। परमानंद सैनी, लक्ष्मण सैनी, गोविंद सैनी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन लल्लू प्रसाद सैनी ने किया।

**दौसा ग्रामीणः** पंचायत भांडारेज बावडी परिसर मुख्यालय पर महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती मनाई गई । इस दौरान पद दंगल कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा में मुख्य सचेतक संदीप सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुलेराव के आदर्शों पर चलने से ही समाज का विकास संभव है । जिलाध्यक्ष रेणु कटारिया ने कहा समाज में होनहार प्रतिभाओं की कमी नहीं है। भावना सैनी, मंजू सैनी कहा कि एक बालिका के शिक्षित होने से तीन परिवारों का उद्धार संभव है। इससे पूर्व गायक पार्टी के कलाकारों ने पदों के माध्यम से एक से बढ़कर एक धार्मिक व पौराणिक कथाओं की प्रस्तुति दी। होनहारों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। समापन पर समारोह के दौरान 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली समाज की 125 से अधिक प्रतिभाओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

**चूरू में सैनिक विश्राम गृह सर्किल पर लगेगी ज्योतिबा फुले की प्रतिमा, 20 लाख से बनेगा सामुदायिक भवन** : महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर जिलेभर में विविध कार्यक्रम हुए। चूरू में महात्मा ज्योतिबा फुले की आदमकद प्रतिमा सैनिक विश्राम गृह सर्किल के पास लगेगी। इसके लिए नगर परिषद के सभापति को औपचारिकताएं पूरी कर प्रतिमा लगाने की अनुमति देने के निर्देश ग्रामीण विकास मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने दिए।

इससे पहले जिला मुख्यालय पर वार्ड दो स्थित तिरूपति बालाजी मंदिर में पूर्व संध्या पर हुए कार्यक्रम में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने फुले को समाजोत्थान एवं देश को अशिक्षा से छुटकारा दिलाने में योगदान के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सभापति विजय शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष धनराज सैनी, महावीर प्रसाद गहलोत ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता राधेश्याम महावर ने की। कार्यक्रम में भामाशाह शिवभगवान तंवर के मंदिर में करवाए कमरे के निर्माण का मंत्री ने लोकार्पण किया। समिति के अध्यक्ष दुलीचंद राकसिया ने मंदिर के बारे में जानकारी दी। मंत्री राठौड़ ने मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। मंचस्थ अतिथियों में ताराचंद तंवर, पार्षद भजनलाल शर्मा, कयामसिंह, करणीसिंह, रिद्धकरण राकसिया आद उपस्थित थे। इधर, देवीदास हनुमान बगीची में बुधवार को फुले जयंती मनाई गई। सैनी समाज के अध्यक्ष हरिप्रसाद सैनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष धनराज सैनी, डॉ. सुशील सैनी, परमेश्वरलाल तंवर, बजरंग खड़ोलिया मौजूद थे।

**डॉ. प्रभुलाल सैनी ने कहा कि अगले साल प्रदेश के सभी जिलों में सरकार की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाने के प्रयास** : बांदीकुई। कृषि मंत्री डॉ. प्रभुलाल सैनी ने कहा कि अगले साल प्रदेश के सभी जिलों में सरकार की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाने के प्रयास किए जाएंगे। जिसमें सभी समाजों के लोग भाग लेंगे। कृषि मंत्री सैनी ने यह बात रविवार को सैनी समाज की ओर से यहां सैनी आदर्श पीजी कालेज प्रांगण में आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती व प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जो समाज अपनी धरोहरों को सहेज कर नहीं रख सकता है वह कभी भी तरक्की नहीं कर सकता है। ऐसे में हमें हमारी धरोहरों को सहेज कर रखना चाहिए।



उन्होंने कहा कि राजनीति कभी एक जाति के आधार पर नहीं होती है। राजनीति करने वाले लोगों को कर्मशील बनकर 36 कौमों को साथ में लेकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं संचालित की है। इन योजनाओं में हम जल्दी ही सरकारी स्तर पर लहसुन व प्यार की भी खरीददारी करेंगे। कृषि मंत्री ने बांदीकुई में सैनी समाज के छात्रावास निर्माण के लिए जमीन आंवटन के लिए प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

समारोह में राजस्थान युवा बोर्ड चेयरमैन भूपेंद्र सैनी ने कहा कि जीवन में पद तो आते जाते रहते है लेकिन हमें कार्यकर्ता बनकर कार्य करना होगा क्योंकि कार्यकर्ता का पद हमेशा बना रहता है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं का देश है। ऐसे में सभी को युवाओं की ताकत को समझना होगा।

उन्होंने कहा कि सभी का फर्ज है कि हमेशा समाज को जोडने का कार्य करे ना कि उसे तोड़ने का। समारोह में राज्यसभा सांसद मदनलाल सैनी ने कहा कि समाज को हमेशा एकजुट होकर एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। समारोह में पूर्व मंत्री रामकिशोर सैनी ने कहा कि जयंती समारोह में हमे संकल्प लेना चाहिए कि हम हमेशा महात्मा ज्योतिबा फुले के बताए मार्ग पर चले। समारोह में रिटायर्ड आईएएस सत्यनारायण सिंह, आरएएस अलका पुष्प, स्काउट गाइड की सीओ कृष्णा सैनी, राजस्थान कर्मचारी व अधिकारी संघ के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद सैनी, भावना सैनी, राजस्थान माली महासभा चेयरमैन ओंकारराम कच्छावा, समाज कल्याण बोर्ड की सदस्य सुनीता सैनी, राजस्थान माली महासभा के संरक्षक बिरदीचंद सिंगोदिया सहित अन्य ने विचार व्यक्त किए। समारोह में युवा नेता भागचंद टांकड़ा, मोहनलाल सैनी बड़े गुरुजी, डॉ. मोतीलाल सैनी, प्रबंध समिति सैनी आदर्श विद्या मंदिर शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष मुकेश सैनी, डॉ रामदयाल सैनी, जिला परिषद सदस्य महेश सैनी, पूर्व सरपंच रामकरण सैनी, सिकराय प्रधान बादाम सैनी सहित अन्य मौजूद थे। इस दौरान अतिथियों ने करीब 200 से अधिक समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया।

**1101 कलशों की यात्रा, शहर में जगह–जगह स्वागत** : समारोह से पहले सैनी समाज के लोगों ने नई सब्जी मंडी से 1101 कलशों की शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ गया। बडी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया। शोभायात्रा शहर की पुरानी अनाज मंडी, पीडब्लूडी तिराहा, राज बाजार, आगरा फाटक, बडियाल रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा का कई जगह स्वागत किया गया।

**अजमेर मे ऐतिहासिक रहा महात्मा ज्योतिबा फूले की 191 वीं जंयति पर चार दिवसयी कार्यक्रम** : अजमेर सैनी समाज के सभी गणमान्य सदस्यो द्वारा 11अप्रेल 2018 को महात्मा ज्योतिबा फुले कि 191 वीं जंयती के अवसर पर चार दिवसीय कार्यकम हर्षो उल्लास के साथ एक जुट होकर मनाई। रविवार 08 अप्रेल, 18 को माली सैनी संस्थान, अजमेर के अध्यक्ष राजेश भाटी , किशोर भाटी के नेतृत्व में गढ़वाल पेलेस, तोपदडा, पर प्रात 8.00 बजे से 3.00 बजे तक





स्वेच्छिक रत्तदान शिविरकिया गया। जिसमें 101 युनिट ब्लड एकत्रित किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथी व्यवसायी व भामाशाह त्रिलोक चन्द इंदोरा थे।

सोमवार को प्रात 9.00 बजे से संन्दीप तंवर के नेतृत्व में राजकीय जंवाहर लाल नेहरु अस्पताल ,अजमेर के बच्चो के वार्ड मे मरीजों को फल वितरण कार्यक्रम किया। इस अवसर पर डॉ. बी. एस. करनावट व स्टाफ सहित कई समाज बंधु मौजुद थे। 10 अप्रेल, मंगलवार को सांय 4.00बजे से 6.00 बजे तक सुन्दर विलास धर्मशाला,अजमेर मे, राजस्थान माली महासभा युवा शाखा दृारा फुले दम्पिती के विचारो पर संगौष्ठी का आयोजन हुअस जिसका नेतृत्व धनेन्द्र सिह टांक ने किया । मुख्य अतिथी नगर निगम, अजमेर के मेयर धमेन्द्र गहलोत थे ।सभी वक्ताओ ने फुले दम्पती को भारत रत्न दलाने की मांग की साथ ही 03 जनवरी को महिला शिक्षिका दिवस बनाने व 11 अप्रैल को छुट्टी की घोषणा की करने माग की गई। इसके बाद शाम 7.00 बजें पुर्व संध्या पर महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यर्पण व 51 दीपो का प्रज्वलन का कार्यक्रम हुआ। दिनाक 11 अप्रेल, 2018 बुधवार को अखिल भारतीय समता परिषद के तत्तवाधान मे प्रातः 10.00 बजे से महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पाजंली कार्यक्रम हुआ। इसके अलावा विण्णु कटारिया, तरूण जादम की टीम नेतृत्व मे पुरे दिनभर सर्किल पर ठंडे व मीठे शाही शर्बत की स्टाल लगा कर राहगीरो व समाज बंधुओ की प्यास बुझायी। दुसरा पुनित पुण्य कार्य अनिल सैनी, पार्षद संतोष मोर्य के नेतृत्व मे पक्षियो की प्यास बुझाने के लिये करीब 300 निःशुल्क परन्तिें वितरित किये गय इसके पश्चात दोपहर 3.00बजे से माली एकता मंच के सुभाष गहलोत व महेश चोहान के नेतृत्व मे राजा साइकिल चौराहा से विशाल व भव्य वाहन रैली ज्योतिबा फुले सर्किल तक निकाली गयी। विशाल व भव्य वाहन रैली की शुरूआत मेयर धमेंन्द गहलोत ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया । राजा साईकिल चौराहा से मार्टिनल ब्रिज ,स्टेशन रोड, क्लाक टावर , मदार गेट, चुड्डी बाजार, नया बाजार, आगरागेट, जयपुर रोड, सुचना केन्द चौराहा, पी. डब्लु. डी. के डाक बंगला, अम्बेडकर सर्किल होते हुये ज्योतिबा फुले सर्किल पर जा कर समापन हुआ। वाहन रैली का जगह जगह स्वागत एव स्वागत दृार लगाये गये। महात्मा जयोतिबा सर्किल को गुब्बारो, मालाओ, बडे – बडे होर्डिग से सजाया गया। अजमेर शहर के मुख्य रास्ते मे संस्थाओ, सगठनो ,व्यवसायियों दुकानदारो ने फुलो, नाश्ता, आईस्किम, लस्सी, शर्बत, कोल्ड ड्रिक्स, मिठाई, आदि से शानदार स्वागत किया गया।

रैली मे सभी के गुलाबी साफे, गले मे दुपटा, टोपी, झन्डे, बेन्नर, डी.जे. वाली गाडियां, झाकियो से सझे – धजें करीब 3०० वाहन थे। सायं 7.00 बजे पूनम चन्द मारोठिया के सहयोग से 1100 दीपक से दीपदान किया , माल्यार्पण कर , ठोल – नगाडे , बेंन्ड की धुन व शहनाई वादन के साथ व तालियो के साथ महाआरती की गयी। पश्चात प्रसाद वितरण कार्यक्रम हुआ । इसके बाद मे भव्य आतिश बाजी का रंगीन नजारा देखने को मिला, पूरा आसमान प्रकाश मान हो गया। अंत मे प्रशासन दृारा सम्मान समारोह आयोजित किया जंयति मे सहयोग देने वालो का ससम्मान किया गया । मंच का संचालन सतीश सैनी ने अपने अनुठे अंदाज से शानदार किया इसमे पत्रकार प्रदीप कच्छावा ने सहभागीता निभाई। इस कार्यक्रम की सभी समीतियो ने अपनी– अपनी जिम्मेदारी सौपी गई ।

इस बार माली समाज के साथ –साथ दसरे समाज, राजनेतिक पर्टियो के दलो ने भी जोश, उत्साह, उमंग एवम रुचिनुसार सभी कार्यक्रम मे अधिक से अधिक संख्या में सभी समाजो के लोग, महिलाओ, बच्चो, बालिकाओ, बुजुर्गो ने भी सम्मलित होकर चार दिवसीय जंयति कार्यक्रमो को ऐतिहासिक बना डाला। अंत मे भामाशाह हनुमान कच्छावा के दृारा अपार जनसमुह के डिनर की व्यवस्था आजाद पार्क मे सभी के लिये रखी गयी। सभी कार्यक्रमो इनकी उपस्थिती रही जो निम्न है –महिला विकास व बाल विकास मंत्री अनिता भदेल, शिक्षा राज्य मंत्री वासु देवनानी, युआई टी के शिव शकर हेठा, काग्रेस के विजय जैन, सभी माली समाज के पार्षद महेन्द्र जादम, सतोष मोर्य, गोपाल चौहान, विजय गहलोत, गणेश चौहान, उर्मिला गढवाल, बीना टाक, चन्देश सांखला गणमान्य बंधुओ मे धीसु लास गढवाल, चांदमल टाक, प्रेमराज सोलंकी, गोपी जादम, दिलीप पिलकन्या, जयदेव साखला, टीकम चंन्द टाक, राजेन्द मोर्य, कवर लाल सोलंकी, सुगन उवाना, यशोदा नंदन चौहान, मदन जादम,बिसन सांखला, मुरलीधर चौहान, मेवा लाल जादम, नवीन कच्छावा, डा. जितेन्द मारोठिया, डा. भुपेन्द कटारिया, दिलीप गढवाल, मोती सिह सैनी हेमराज सिसौदिया, प्रदीप भाटी, मदन महावर, रवि उबाना, अशोक तंवर, मुकेश अजमेर, त्रिलोक भाटी, चन्दशेखर मोर्य, भानुप्रताप कच्छावा, कन्हैया चौहान, राजेश गढवाल, शैर सिह सिसोदिया, शिव मालाकार, मुकैश चौहान, राकेश चौहान, बसंत कच्छावा, सोहन तुनवाल, नेमी चन्द, श्याम तंवर, श्याम सुन्दर पंवार, माकन मारोठिया, प्रमोद भाटी, राजु मारोठिया, रमेश कच्छावा किशोर साखला, हनिश मारोठिया, मनिष मारोठिया, अरविन्द बागडी, बिन्नु मोर्य, बी सी पंवार , किशन सैनी, सोहन पवार, महिलाओ मे सुनिता चौहान, शारदा मालाकार, पुष्पा सैनी, विमला भाटी, ममता चौहान, सीमा साखला, माया चोहान, आशा तुनवाल, सपना तुनवाल, विजय लक्ष्मी सिसोदिया, नीतू गहलोत, मंजु भाटी, डिम्पल मोर्य इत्यादी उपस्थित थे

**झालावाड़ में निकाली विशाल शोभायात्रा** : महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर झालावाड़ में एक विशाल शोभायात्रा नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो पर होती हुई उन्हें नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची शोभायात्रा में घुड़सवार, बैंड–बाजे, धार्मिक भजन एवं महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान के महामंत्री राम लाल रावल पत्नी सहित बग्गी में बैठे हुए थे। महिलाएं कलश लेकर एवं पुरुष पारंपरिक वस्त्रों में अनुशासन पूर्वक चल रहे थे शोभायात्रा का जगह–जगह स्वागत हुआ जिसमें पुष्पवर्षा, शर्बत, आइसक्रीम, ठंडाई एवं



अल्पाहार कराया गया इस दौरान झिरीचौक दीपक सुमन, घंटा घर पर ईश्वर सुमन, बैंक चौराहा पर अशोक सुमन गढ़ दरवाजे पर सत्यनारायण सुमन व उनके साथीयो ने और बड़ा– बाजार में हरगोपाल भाटी एवं भाटी परिवार के सदस्यों ने मोटर गैराज पर केलाश सुमन सुभाष सर्किल पर राहुल सुमन एवं बस स्टैंड चौराहे पर सरोवर कचोरी वालों की ओर से जोरदार स्वागत किया गया।

शोभा यात्रा अंत में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर मंदिर में पहुंच कर सभा के रूप में परिवर्तित हो गई सभा के मुख्य अतिथि झालरापाटन सीआई हीरालाल सैनी, अध्यक्ष शिवानंद बारवाल, मुख्य वक्ता हरगोपाल भाटी एवं विशिष्ट अतिथि प्रेमचंद सुमन, डॉ. विनोद सैनी, डॉ. प्रियंका सैनी मंच पर आसीन केलाश चंद्र पुष्पद, रामलाल रावल, कन्हैयालाल रावल, विष्णु गहलोत, हीरालाल सुमन एसबीआई, नंदलाल बारवाल एवं सभा संचालन शिव शंकर सुमन ने किया। इस अवसर पर महात्मा फूले द्वारा बताए गए आदेशों को अपनाने की अपील की गई तथा समाज के सभी वर्ग एकजुट होकर समाज उत्थान हेतु आगे आवे मुख्य वक्ता हरगोपाल भाटी ने कहा महात्मा फूले ने अपना सब–कुछ समाज सेवा में लगा दिया उनकी बदौलत जी आज दलित एवं पिछड़े लोग समाज की मुख्यधारा से जुड़ पाये। उनके द्वारा चलाई गई महिला शिक्षा से आज की महिलाएं पुरुषों के साथ हर क्षेत्र में काम कर रही हैं। मुख्य अतिथि सीआई हीरालाल सैनी ने महिला शिक्षा पर जोर तथा समाज को एकजुट होने की बात कही विशिष्ट अतिथि प्रेमचंद सुमन ने समाज के एकीकरण पर जोर देने एवं गरीब असहाय बालकों को शिक्षित करने हेतु छात्रवृत्ति देने और असहाय को इलाज हेतु अनुदान देने की बात कही।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा अच्छे अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार दिया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल सुमन, रामेश्वर सुमन, ओमप्रकाश सुईवाल, रमेश चंद सुमन, शिवनारायण सुमन, राजेन्द्र रावल, शंकरलाल रावल, बृजबिहारी पुष्पद, घनश्याम चौहान, हंसराज सुमन, प्रकाश, सुरेश रावल, राजकुमार सुमन, तथा समाज के सभी बंधुओं ने सहयोग प्रदान किया।

**कोटा** : महान समाज सुधारक शेक्षणिक क्रांति के पुरोधा महात्मा ज्योतिबा फूले जी की जयंती के अवसर आज 'कबीर आश्रम विनोबा भावे नगर' 'शाम 5 बजे' धूमधाम से मनाई गई। सवर्प्रथम ज्योति बा फुले अमर रहे,सावित्री फुले अमर रहे,बाबा साहेब अमर रहे के नारों की गूंज में पुष्पांजलि अर्पित की कार्यक्रम में माली सैनी समाज के साथ एससीध्एसटीध्ओबीसी के अधिकारी व कर्मचारी ने सेकड़ो की संख्या में भाग लिया मंच संचालन पुरुषोत्तम अजमेरा ने किया। सूरजकरण बदजयता ने सभी वर्गों से एकजुट होकर संगर्ष का आव्हान किया। जगदीश सुमन एवम हजारी लाल ने कविता के माध्यम से जीवनी सुनाई। डॉ सी एल दायमा ने पी जी की थिसिश जमा करने की लिए ज्योति बा फुले जयंती का दिन चुना चुकी। डॉ दुर्गा शंकर सैनी ने कहा कि देश मे शिक्षा की शुरुवात महत्मा फुले दंपति द्वारा की गई थी हमे उनकी तस्वीर दिल मे और उनके आदर्श मस्तिक्ष में उतरकर सामाजिक, शेसक्षणिक,राजनीतिक रूप से मजबूत होना होगा तभी राष्ट्र निर्माण हो सकेंगे जाति धर्म से ऊपर उठकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संगर्ष करना होगा।

**चित्तौड़गढ़ में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर घोषणा माली समाज को नगरपरिषद सामुदायिक भवन के लिए शीघ्र देगी भूखंड** : शहर के माली



समाज ने बुधवार को महात्मा ज्योति बा फुले की जयंती श्रद्घा और उत्साह स मनाई। सुबह शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के युवा केसरिया साफा एवं सफेद परिधान और महिलाएं चूनढ ओढ़े थीं। पावटा चौक में फूले बा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के बाद समारोह हुआ। शोभायात्रा को हजारेश्वर महादेव मंदिर से महंत चंद्रभारती महाराज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा पावटा चौक, गोल प्याऊ चौराहा, सुभाष चौक, राणासांगा बाजार, सहकार सर्कल, हीरा वाटिका होते हुए बिछावट मंदिर में पहुंच संपन्न हुई। सबसे आगे चार घोड़ों पर बच्चे सवार थे। युवा दुपहिया वाहनों पर हाथों में केसरिया ध्वज लहराते चल रहे थे। महावीर व्यायामशाला के पहलवान पार्षद मनोज सोनी के निर्देशन में अखाड़ा प्रदर्शन करते चल रहे थे। डीजे साउंड पर महिलाएं व युवक–युवतियां थिरकते हुए चल रहे थे। एक बग्गी में महात्मा ज्योति बा फुले की तस्वीर सजाई गई। शोभायात्रा के मार्ग में जगह–जगह पुष्पवर्षा की गई। स्वागत द्वार सजा रखे थे। शर्बत पान व ठंडे जल की व्यवस्था भी की गई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरेंद्रसिंह जाड़ावत, नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष संदीप शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मूंदड़ा आदि भी शामिल हुए। समाज के युवा सिर पर केसरिया साफा व सफेद परिधान पहने शामिल हुए। महिलाओं ने चुंदड़ की साड़ी पहन रखी थी। माली समाज को शहर में सामुदायिक भवन के लिए बहुत जल्द भूखंड मिलेगा। इसके लिए नगर परिषद प्रयासरत है। सभापति सुशील शर्मा ने बिछावट मंदिर में आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित हुए यह बात कही। एसडीएम सुरेश खटीक ने ज्योतिबा फुले द्वारा समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष नरेंद्र पोखरना, पार्षद भोलाराम प्रजापत आदि उपस्थित थे। संचालन राजन माली ने किया। शिवप्रकाश माली ने बताया कि समाज के बंशीलाल महावर, वैणीराम माली, नंदराम माली, बंशीलाल माली, देवीलाल माली, विष्णु माली, रमेश माली, कन्हैयालाल दगदी, जगदीश मंडोवरा, कन्हैयालाल माली आदि उपस्थित थे।



# अपना हक छोड़ेंगे नहीं व दूसरे का छीनेंगे नहीं : राजकुमार सैनी

## भविष्य धुमिल होने से बचाना है तो लोकतन्त्र सुरक्षा मंच को एक मौका देना होगा



कुरूक्षेत्र से सांसद राजकुमार सैनी ने शनिवार को लोकतंत्र सुरक्षा मंच की जनसभा की संबोधित करते हुए कहा कि उनकी जंग दादागिरी के खिलाफ है। हम अपना हक नहीं छोड़ेंगे और किसी दूसरे का हक लेंगे। लोकतंत्र में सभी की समानता का अधिकार है। सांसद ने कहा कि कुछ नेता हर रोज संविधान के खिलाफ बयानबाजी करते है। वे केवल दादागिरी के खिलाफ जंग लड़ रहे हैं। वे केवल व्यवस्था से अनदेखी का हिसाब मांग रहे है। आरक्षण आंदोलनों से देश–विदेश में जो नुकसान हुआ है वह नुकसान दोबारा न हो, इसलिए सभी जातियों को 100 प्रतिशत आरक्षण देने की वकालत कर रहे है। सैनी ने कहा कि प्रदेश में कोई भी जाति 10 प्रतिशत से ज्यादा नहीं है। इसलिये दलित भाईयों के 23 प्रतिशत आरक्षण को छोड़कर 77 प्रतिशत आरक्षण को सभी जातियों में उनकी जनसंख्या के हिसाब से वितरत कर दिया जाए। गांव ढाणी सीमवाल में लोकतंत्र सुरक्षा मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद राजकुमार सैनी को पहुंचना था, लेकिन उनके पहुंचने से ठीक पहले तेज बरसात शुरू हो गई। रूक–रूक कर करीब 1 घंटे तक हुई बरसात के कारण जनसभा खलल पड़ गया और लोग बरसात से बचने के लिए धर्मशाला के हाल व बरामदों में चले गए, लेकिन फिर भी लोगों का अपने प्रिय नेता के विचार सुनने का हौसला कम नहीं हुआ और बरसात रूकने के बाद लोगों ने अपने सांसद के विचार सुने।

राजकुमार सैनी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्रसिंह हुडा को आडे हाथ लेते हुए उन्हें एक जाति का नेता करार दिया। उन्होंने कहा कि 10 साल तक हरियाणा पर राज करने वाले भूपेन्द्रसिंह हुडा को सभी जाति के लोगों ने वोट दिया। इसी कारण वह राज्य के सीएम बने, पिछले महिनों उन्होंने साफ कहा था कि वे केवल एक जाति के सैनिक है। उन्होंने कहा कि वे आज किसान पंचायत कर लोगों को गुमराह कर रहे है। उन्हें अगर किसानों की चिंता थी तो उन्होंने अपने दस साल के कार्यकाल में किसानों के लिए कुछ क्यों नहीं किया। वे सिर्फ अपना राजनीतिक वजूद बचाने के लिए इस प्रकार की ड्रामेबाजी कर रहे है।

**राज्यसभा की जरूरत नहीं** – शनिवार को गांव ढाणी सीसवाल में जनसभाप के दौरान सांसद राजकुमार सैनी ने राज्यसभा को खत्म करने की मांग की। सांसद ने कहा कि राज्यसभा के कारण देश के विकास में बाध आ रही है और देश को आगे बढने वाले प्रस्ताव अटक रहे है।

**मलिक की लड़ाई केवल चंदे की** – 14 अगस्त को जाट नेता यशपल मलिक पर हुए हमले को कुरूक्षेत्र के सांसद राजकुमार सैनी ने चंदे की लड़ाई बताई है। राजकुमार सैनी ने कहा कि चर्चाए सुनने को मिल रही है कि यशपाल मलिक समाज के लोगों से 200 करोड़ रूपये लेकर खा गये। इसी को लेकर समाज में रोष है और आपस में जूता बज रहा है। सैनी ने कहा कि जब इसके 1–1 करोड़ के चैक बाउंस हो रहे है तो साफ है कि पेसा हजम हुआ है।

ये रहे मौजुद – इस मौके पर ढाणी सेसवाल के सरपंच जगदीश सैनी, सेसवाल सरपंच घीसाराम, जिला पार्षद प्रतिनिधि ओमप्रकाश दावा, वरिष्ठ अधिवक्ता लालबहादूर खोवाल, रणजीतसिंह कवोज, लालूराम सैनी, दलीप बेनीवाल, सुरेश भादू, सुरेश प्रजापति कोहली, मामनराज सैनी, राजेश सैनी, पाराराम सैनी आदि मौजुद थे।

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को तुरंत भंग करे सरकार :**

बाबेन, 8 अप्रैल (अजय सैनी) : कुरूक्षेत्र के सांसद राजकुमार सैनी ने युवाओं को आह्वान किया कि सरकारी लाभ के पदों व शिक्षण संस्थाओं में 100 प्रतिशत आरक्षण लागू करने, एक परिवार एक रोजगार योजना को मूर्तरूप देने और किसानों व मजदूरों को मनरेगा से जोड़ कर उनका आर्थिक उत्थान करने के लिए मिशन–2019 के तहत सत्ता प्राप्त करने हेतू अभी से एकजुट होकर सक्रिय हो जाएं। उन्होंने कहा कि युवाओं का उत्थान, लोगों का कल्याण व प्रदेश का विकास सत्ता प्राप्त किए बिना संभव नहीं है इसलिए लोगों को खासकर युवाओं को चाहिए कि वे घर–घर जाकर लोगों को लोकतन्त्र सुरक्षा मंच की नीतियों को लोकतन्त्र सुरक्षा मंच की नीतियों व कार्यक्रमों से अवगत करवा कर इसके लिए जनादेश तैयार करे। उन्होंने काह कि अब तक प्रदेश की सत्ता पर कुछ ही लोगों का कब्जा रहा है जिसके कारण प्रदेश के अधिकांश सरकारी लाभ के पद व नौकरियां योग्यता को ताक पर रखकर वर्ग विशेष के उन्हीं के चहेतों को ही मिली है और शेष लोगों के हितों के साथ जमकर खिलवाड़ व शोषण किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में युवाओं व लोगों को अपना भविष्य धुमिल होने से बचाना है तो इस बार लोकतन्त्र सुरक्षा मंच को एक मौका देना होगा जिससे विकास की दृष्टि से न केवल प्रदेश का कायाकल्प होगा बल्कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक, किसान–मजदूर, बेरोजगार युवा, कर्मचारी व व्यापारी वर्ग भी खुशहाल होगा। राजकुमार सैनी लोकतंत्र सुरक्षा मंच के जिलाध्यक्ष नायबसिंह पटाकमाजरा द्वारा गांव पटाकामजरा में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

इससे पूर्व राजकुमार सैनी को मोटरसाईकिलों के विशाल काफिले के साथ कार्यक्रम स्थल तक लाया गया जहां पर गुजर, कश्यप, सैनी ब्राह्मण, पाल, बाल्मिकी आदि कई समाजों के लोगों द्वारा उन्हें पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर समारोह के आयोजक नायब पटाकमाजरा के अलावा रामरतन कटारिया, रामकुमार रम्बा, गुरनाम उदारसी, राजकुमार, बलजीतसिंह सैंसा, मोहनलाल धीमान, बलबीर सिंह मान सिंह बजगांवा, जिले सिंह चेयरमैन, नवीनत सैनी, डा. सतिन्द्र सैनी, गुरनाम गजवाना, सुभाष कसीथल, उपदेश शर्मा, तरसेम राय के अलावा अनेक ओबीसी व एस.सी. समाजों के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। कांग्रेस के धरने व उपवास को नौटंकी करार देते हुए सांसद राजकुमार सैनी ने कहा कि कांग्रेस देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा है जो संसद और राज्यसभा की कार्रवाई में व्यवधान पैदा कर देश के विकास व युवाओं के उत्थान के लिए पास किए जाने वाले बिलों को रोककर देश का भारी नुकसान कर रही है। इन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे लोगों को कांग्रेस के देश विरोधी चेहरे से अवगत करवाए।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को तुरंत भंग करे सरकार सांसद राजकुमार सैनी ने पत्रकारों से बातचीत में सरकारी नौकरियों के लिए गठित हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा जब आयोग में बैठे अधिकारी ही नौकरियां देने के नाम पर धांधली व लुटपाटकर रहे है तो ऐसे में सरकार के नौकरियों में योग्यता व पारदर्शिता के दावों की पोल खोल कर रख दी है। उन्होंने सरकार पर आउट शेशिंग की भर्ती भी कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से करने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को तुरन्त भंग कर आयोग द्वारा की गई सरकारी नौकरियों में हुई भर्ती की पूर्ण जांच करें। उन्होंने कहा कि जब इस घोटाले में कर्मचारी चयन आयोग का अधीक्षक तक शामिल है तो इसमें पूरा आयोग संदेह के घेरे में आ जाता है। उन्होंने सरकार से हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को तुरंत भंग करने और आउट शेशिंग कर्मचारियों की भर्ती सीधे तौर पर करने की मांग की ताकि बेरोजगार युवकों को जल्दी से जल्दी रोजगार मिल सके।

सैनी भवन किया जनता को समर्पित

# मेरा सारा परिवार सैनी समाज का ऋणी रहेगा : विधायक अंगद सिंह





होशियारपुर, 1 अप्रेल (अश्विनी) : मैं सैनी समाज के उत्थान व समस्याओं के निवारण के लिए सदैव प्रयासरत रहूंगा तथा बिरादरी द्वारा दिए गए मान–सम्मान के लिए मेरा सारा परिवार सदैव समाज का ऋणी रहेगा। उक्त विचार विधायक नवांशहर अंगद सिंह सैनी ने सैनी जागृति मंच की तरफ से करवाए गए समारोह को संबोधित करते हुए प्रकट किए।

उन्होंने कहा कि सैनी समाज ने सदैव ही समाज व देश की सेवा को सर्वोपरि माना है। सैनी भवन का निर्माण करके उसे समाज को सौंपना भी मानवता की सेवा में मील का पत्थर साबित होगा। बिरादरी व समाज के हर वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा। इस दौरान उन्होंने सैनी भवन बहादूरपुर का उद्‌घाटन करके भवन को समाज के हर वर्ग को समर्पित किया।

सैनी जागृति मंच के संस्थापक संदीप सैनी ने कहा कि आज सैनी बिरादरी को सबसे ज्यादा युवा नेताओं की जरूरत है, जो पूरी ईमानदारी के साथ बिरादरी के मान सम्मान को आगे बढाते हुए राजनैतिक क्षेत्र में कामयाब हो। समाज में वही बिरादरी तरक्की करती है, जिसके पास राजनीतिक शक्ति होती है। संदीप सैनी ने कहा कि आज पूरी बिरादरी विधायक अंगद सिंह सैनी की तरफ देख रही है और वह आस करती है कि नौजवान प्रतिनिधित्व करते हुए बिरादरी को तरक्की की तरफ लेकर जाएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 18 वर्षों से सैनी जागृति मंच बिरादरी की सेवा व एकजुटता के लिए कार्य कर रहा हैं। सैनी भवन का निर्माण मंच का एक सपना था, जो कि आज साकार रूप धारण कर गया है। उन्होंने पंजाब के समस्त सैनी संगठनों से अपील की है कि वे एक मंच पर इकट्‌ठे हो और बिरादरी के लिए आवाज बुलंद करे।




पूर्व सांसद कमल चौधरी ने भवन के उद्‌घाटन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि सैनी समाज ने समाज के उत्थान के लिए ऐसा प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि बिरादरी का आशीर्वाद सदैव उन पर बना रहा है। मंच संचालन करते हुए प्रेम सैनी ने मंच की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर प्रसिद्ध गायक हरपाल लाडा ने अपनी आवाज के जादू से वाहवाही लूटी। उनके द्वारा गाए गीत 'सैणिया दे काके पर कार्यक्रम में पहुंचे' सभी लोग झूम उठे।

इस अवसर पर समाज सेवी प्यारे लाल सैनी व अन्य गणमान्यों को सम्मानित किया गया। समारोह में ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के पंजाब अध्यक्ष हरजीत सिंह लौंगिया, राजस्थान से गजानंद सैनी, युवा नेता विवेक सैनी, सुजानपुर, परमिन्द्र सिंह सैनी दीनानगर, अमर सिंह सैनी, मोहनजीतसिंह सैनी जालंधर, मा. लक्ष्मण सिंह टांडा, बलवंत सिंह खेडा, अशोक सैनी, लखवीरसिंह सैनी, दीप बागपुरी, बलविन्द्र सैनी, तेजासिंह सैनी, गुरपालसिंह पाली, गुरप्रीतसिंह सैनी, तरलोचनसिंह सैनी, मलकीतसिंह सैनी, अवतारसिंह सैनी, बलवीरसिंह सैनी, राजकुमार सैनी, कीमती सैनी, बलवीर कौर सैनी, पूर्व पार्षद कृष्णा सैनी सहित भारी संख्या में सैनी बिरादरी के लोग शामिल हुए।



पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के समधी की बेटी गरिमा पंवार व मेड़ता रोड के राहुल भाटी का आईएएस में हुआ चयन, बधाई देने वालों का लगा तांता

# गरिमा व राहुल ने बढ़ाया माली समाज का गौरव आई.ए.एस. में हुआ चयन





नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग की ओर से शुक्रवार को जारी किए गए आईएएस के परिणाम जिले में भी खुशियां लेकर आए। आईएएस के लिए चयनित होने वाली प्रतिभाओं में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समधी डीडवाना निवासी कमलेश कुमार पंवार की बेटी गरिमा पंवार भी शामिल है। गरिमा ने इस परीक्षा में 212वीं रैंक हासिल की है। गरिमा बताती हैं कि उसने आईएएस परीक्षा की तैयारी जयपुर व डीडवाना में की। इसके लिए उसके पिता कमलेश कुमार और माता नंदूश्री पंवार का पूरा सहयोग रहा।

गरिमा ने बताया कि उसका और परिजनों का दोनों का ही सपना था कि वह आईएएस बने। गरिमा ने बताया कि उनकी इस कामयाबी में उनके भाई का बड़ा योगदान रहा है। वे बताती हैं कि लंबे समय तक उनके भाई ने बीमारी के दौरान जीवन के लिए कड़ा संघर्ष किया था। तब उनके जीवन को करीब से देखा तो लगा कि वह अपनी जिंदगी के लिए कड़ा मुकाबला कर सकते है तो वह अपने जीवन में खुद के लिए तो संघर्ष कर ही सकती है। हालांकि बाद में उनके भाई का निधन हो गया था। गरिमा ने बताया कि अपने भाई के जीवन के संघर्ष से मिली प्रेरणा और माता–पिता व बहन के मार्गदर्शन से उसे आज यह कामयाबी हासिल हो पाई है।

गरिमा के पिता कमलेश कुमार पंवार ने बताया कि गरिमा ने कक्षा 7 तक डीडवाना में ही अध्ययन किया। इसके बाद उसने गोटन और दिल्ली व जयपुर में पढ़ाई की। वे बताते हैं कि गरिमा से एक बड़ी बहन भी है। वहीं गरिमा नेट भी क्लियर कर चुकी है। शुक्रवार को आईएएस में भी चयन हो गया है। परिणाम जारी होने के साथ ही परिवार में खुशियों का माहौल छा गया। गरिमा पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत की छोटी साली है। परिचितों और शुभचिंतकों की ओर से गरिमा व उनके परिजनों को बधाई दी गई।

## राहुल भाटी का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन

मेड़ता रोड। मेड़ता रोड निवासी राहुल भाटी का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन हुआ है। वर्तमान में राहुल उप निदेशक भारतीय ऊर्जा नियामक विभाग दिल्ली में कार्यरत है। भाटी को 554वीं रैंक मिली है। कस्बे के माली मोहल्ला निवासी उम्मेदसिंह भाटी प्राध्यापक राउमावि मेड़ता रोड के 26 वर्षीय पुत्र राहुल भाटी का पूर्व में आईईएस में चयन होने के बाद वर्तमान में दिल्ली में भारतीय ऊर्जा नियामक विभाग में उप निदेशक पद पर कार्यरत है। पूर्व में गत माह ही आईएफएस में भी चयन हुआ था। अब आईएएस में 554वीं रैंक प्राप्त हुई है। चयन होने पर मेड़ता रोड में खुशी की लहर छा गई। राहुल भाटी के परिजनों ने बताया कि वह शुरू से ही प्रतिभावान विद्यार्थी रहा। उसने तय रखा था कि वह आईएएस बनेगा। इसके लिए उसने कड़ी मेहनत करते हुए लगातार अपने लक्ष्य के प्रति अपने प्रयास जारी रखे। हाल ही में कुछ समय पहले आईएफएस में चयन होने के बाद शुक्रवार को जारी हुए परिणाम ने परिवार के लिए खुशियों को दोगुना कर दिया। वहीं राहुल के अभी दिल्ली होने पर उनके परिचितों न उन्हें व उनके परिजनों को बधाई दी। देर शाम तक उन्हें बधाई देने वालों की भीड़ लगी रही।

### राहुल का पहले आईईएस, आईएफएस अब आईएएस में चयन

सीनियर तक की पढ़ाई सरकारी स्कूल में पूरी की। आईएएस में चयनित हुए राहुल भाटी के पिता मेड़ता रोड सीनियर बॉयज स्कूल में ही प्राध्यापक है। माता सूरज देवी भाटी गृहिणी है। भाटी ने मेड़ता रोड में ही सीनियर तक की शिक्षा सरकारी स्कूल में ही ग्रहण की थी। इंजीनियरिंग की पढ़ाई जोधपुर से करने के बाद जुलाई 2013 में दिल्ली में मेट्रो में चयन होने के बाद 7 माह तक नौकरी करने के बाद इस्तीफा दे दिया था। 2015 में भी आईईएस में चयन हुआ था।

गरिमा पंवार व राहुल भाटी के आई.ए.एस. चयन पर माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं मंगलमयी शुभकामनाऐं। आप दोनों ने समाज की युवाओं के लिए उच्च शिक्षा में आदर्श स्थापित कर समाज को गौरवान्वित किया है जिसके लिए पूरे माली सैनी समाज की ओर से आपको अनेकों बधाईयां तथा मंगलमयी शुभकामनाऐं भविष्य में आप शिक्षा एवं प्रशासनिक क्षेत्र में नित नऐ आयाम स्थापित कर परिवार एवं समाज के साथ ही देश को गौरवान्वित करें यहीं हमारी शुभकामनाऐं है।

संत लिखमीदास महाराज मंदिर के प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान पांचों दिन हुए धार्मिक आयोजन

# माली समाज सेवा संस्थान चौदह परगना के संत लिखमीदास महाराज के पांच दिवसीय प्राण– प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन

## हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा, दिनभर हुए धार्मिक आयोजनों में समाज के लोगों ने लिया भाग





सिरोही । माली समाज सेवा संस्थान चौदह परगना की ओर से शहर के जेल रोड स्थित समाज भवन परिसर में पिछले पांच दिनों से चल रहे संत लिखमीदास महाराज मंदिर के प्राण–प्रतिष्ठा महोत्सव का शुक्रवार को समापन किया गया। इस दौरान जयकारों और मंत्रोच्चार के बीच संत लिखमीदास महाराज की प्राण–प्रतिष्ठा की गई। इस मौके मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं महोत्सव के दौरान चौदह परगनों के हजारों लोगों ने भाग लिया। शुक्रवार को सवेरे शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज की प्रतिमाओं की स्थापना के साथ जैसे ही प्राण–प्रतिष्ठा की गई, लोग लिखमीदास महाराज व मातर माता के जयकारे लगाने लगे। इस दौरान आसमान से हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा की गई, जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं महोत्सव में विभिन्न प्रांतों से सिरोही पहुंचे कई प्रवासी बंधु व चढ़ावे के लाभार्थियों की ओर से उत्साह नजर आया। कई लाभार्थी व भामाशाह एवं उनके परिवार के लोग ढोल–ढमाकों पर थिरकते नजर आए।

**दिनभर हुए धार्मिक कार्यक्रम :** माली समाज सेवा संस्थान अध्यक्ष प्रतापराम राठौड़ ने बताया कि जयकारों के बीच मंदिर शिखर पर चढ़ावों के लाभार्थियों की ओर से ध्वजा चढ़ाने के साथ कलश स्थापित किया गया। इससे पहले सवेरे स्थापित देवताओं का पूजन, महाविष्णुयज्ञ, व्याहृतिहोम, अघोरहोम, देवप्रबोधनम, प्राण–प्रतिष्ठाविधि, उत्तरतंत्र, स्विष्टकृतहोम, बलिदानम, प्रासादोत्सर्ग, कंकनमोचन, निराजन, श्रेयोदान, आशीर्वाद आदिविधि कार्य के साथ महोत्सव की पूर्णाहुति हुई। सवेरे 7.06 बजे से 9.01 बजे तक स्थिर, लग्न, नवांश में प्राण–प्रतिष्ठा विधि कार्य करवाया गया। सवेरे10.30 से 11 बजे तक का मुहूर्त पट खोलने का रहा। संतों व अतिथियों एवं चढ़ावों के लाभार्थियों व भामाशाओं का साफा, तिलक व स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन किया गया।

**देर रात तक बही भक्ति सरिता :** प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर गुरुवार रात को भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन कलाकार प्रकाश माली ने भजनों की प्रस्तुति दी। गणपति व गुरु वंदना से कार्यक्रम का आगाज करते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। उन्होंने लिखमीदास महाराज को समर्पित नील कमल चार चौकी..., बाबारामदेव को नमन करते हुए मरुधर में ज्यौत जगा गयो..., बाबारामदेव परणावे... समेत कई भजनों की प्रस्तुतियां दी।

इससे पूर्व आयोजन के प्रथम दिन 23 अप्रेल को माली समाज सेवा संस्थान (एमएसएसएस) के तत्वावधान में जेल रोड स्थित समाज भवन परिसर में नवनिर्मित समाज के संतशिरोमणि लिखमीदास महाराज मंदिर, गणपति मंदिर व मातर माता मंदिर के प्राण–प्रतिष्ठा महोत्सव का सोमवार को जल कलश यात्रा के साथ आगाज हुआ। आयोजन को लेकर समाज के लोगों में उत्साह था, साथ ही पारम्परिक वेषभूषा में नजर आए। माली समाज सेवा संस्थान अध्यक्ष प्रतापराम राठौड़ ने बताया कि सोमवार सवेरे माली समाज छात्रावास भवन परिसर से जल कलश यात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। संस्थान अध्यक्ष प्रतापराम, मंदिर कमेटी अध्यक्ष चतराराम गहलोत व चौदहपरगनों के लोगों के नेतृत्व एवं संतोष आश्रम सोजत के स्वामी चेतनगिरी महाराज, काम्बेश्वर रोड शिवगंज स्थित धवलेश्वर महादेव मंदिर के पंछीदास महाराज एवं सुमेरपुर के शिवरामदास महाराज के सान्निय में कलश यात्रा रवाना हुई। संत महात्मा रथ में सवार थे और युवा पूरे उत्साह के साथ चल रहे थे। जलकलश यात्रा में हाथी, घोड़ों, बेलगाडियां भी शामिल थी, जो अहिंसा सर्किल, बग्घी खाना स्कूल, भाटकड़ा समेत प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनरूसमाज भवन पहुंच विसर्जित हुई। समाज बंधुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। महोत्सव में भाग लेने के लिए विभिन्न प्रांतों में निवासरत श्रद्धालु सिरोही पहुंचे एवं महोत्सव को सफल बनाने में जुट गए।

सोमवार सवेरे जलयात्रा के बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि विधान कार्य वेदपाठी पंडित दिलीप राजव्यास के सान्निध्य में शुरू हुआ। नासिक वकाशी के पंडित विधि कार्य में जुटे रहे। पहले दिन सोमवार को प्रायश्चितकर्म, मंडप प्रवेश, गणपति पूजन, मातृका पूजन, स्थापित देवता पूजन, अग्निस्थापन, महाविष्णुयज्ञ, शाम को निराजन आदि विधि कार्य हुए। ग्यारह कुंडीय महाविष्णुयज्ञ आरम्भ हुआ, जिसमें यजमानों से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आहुतियां अर्पित की। दोपहर में नानी बाई रो मायरो कथा का शुभारंभ हुआ, जिसमें चेतन गिरी महाराज ने कथावाचन किया। रात में भजन संध्या का आयोजन किया गया।

माली समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में शहर के जेल रोड स्थित समाज भवन परिसर में नवनिर्मित समाज के आराध्य संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज मंदिर, गणपति मंदिर व आराध्यदेवी मातर माता मंदिर के प्राण–प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर दूसरे दिन मंगलवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान व कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्थान अध्यक्ष प्रतापराम राठौड़ के अनुसार महोत्सव के दूसरे दिन नवनिर्मित मंदिर के समक्ष स्थापित यज्ञशाला में सवेरे स्थापित देवताओं का पूजन, महाविष्णुयज्ञ, कुटिरहोम, प्रसाद स्नपनम, प्रासाद वास्तुहोम, शाम निराजनम आदिविधि कार्य करवाए गए। वैदिक मंत्रोचारण के बीच लाभार्थियों की ओर से आहुतियां दी गई। वेदपाठी पंडित दिलीप व्यास के सान्निध्य में काशी व अन्य स्थानों से आए








विद्वान पंडितों की ओर से वैदिक मंत्रोचारण से पूरा पांडाल व संस्थान परिसर भक्तिमय हुआ। यज्ञशाला में हवन कुंड में दी गई आहुतियां से पांडाल भी आध्यात्मिक बना रहा। दोपहर में सोजत के चेतनगिरी महाराज ने नैनीबाई रो मायरा कथा का वाचन किया गया। कथा सुनने भारी तादाद में श्रद्धालु शरीक हुए। रात में दिनेश माली एंड पार्टी की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी गई।

**देर रात तक बही भक्ति सरिता :** महोत्सव के दौरान सोमवार देर रात तक चले कार्यक्रम में रामेश्वर एंड पार्टी ने भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर देर रात तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने गुरु की ओर लिखित नीवण पद... के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद विभिन्न भजनों की प्रस्तुतियां दी, जिस पर श्रोता भावविभोर नजर आए। इस दौरान गायिका पूजा चौहान ने मातर माता कठेसुता सुखभर नींद के साथ कई भजन प्रस्तुत कर समां बांधा। वहीं देव बाड़मेर ने भवाई नृत्य एवं जादूगर मंगल की प्रस्तुतियों ने सभी को रोमांचित किया।

गुरूवार को माली समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में जेलरोड स्थित माली समाज छात्रावास में नवनिर्मित समाज के आराध्य संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज मंदिर, गणपति मंदिर व आराध्यदेवी मातर माता मंदिर प्राण–प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत बुधवार को हवन–यज्ञ समेत विभिन्न कार्यक्रम हुए। इस दौरान चढ़ावों के भामाशाहों का सम्मान भी किया गया। संस्थान अध्यक्ष प्रतापराम राठौड़ के अनुसार महोत्सव के तीसरे दिन वेदपाठी पंडित दिलीप व्यास के सान्निध्य में विद्वान पंडितों की ओर से प्रात स्थापित देवता पूजन, महा विष्णुयज्ञ, तत्वन्यास होम, मूर्तिपति लोकपाल होम, प्रासाद, दीक्षुहोम आदि विधि कार्य करवाए गए। इस दौरान चढ़ावों के लाभार्थियों का अभिनंदन किया गया। दोपहर में चेतनगिरी महाराज की ओर से नानीबाई का मायरा कथा का वाचन किया गया। रात्रि में श्याम पालीवाल एंड पार्टी बालोतरा व एडवोकेट प्रकाश माली गोयली की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी गई। उधर, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच लाभार्थियों की ओर से यज्ञ में आहुतियां अर्पित की गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच माहौल आध्यात्मिक बना रहा।

**लिखमीदास प्रतिष्ठा महोत्सव में नृत्य कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां :** माली समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में जेल रोड स्थित समाज भवन परिसर में नव निर्मित समाज के आराध्य संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज मंदिर, गणपति मंदिर व आराध्य देवी मातर माता मंदिर प्राण–प्रतिष्ठा महोत्सव गुरुवार को परवान पर रहा। स्थानीय समेत प्रवासी समाजबंधुओं की उमड़ी भीड़ महोत्सव के प्रति उत्साह बयां कर रही थी। दिनभर कई धार्मिक अनुष्ठान जारी रहे। माली समाज सेवा संस्थान अध्यक्ष प्रतापराम राठौड़ के अनुसार महोत्सव को लेकर समाजबंधुओं में खासा उत्साह बना हुआ है। चौदह परगने के लोग महोत्सव को सफल बनाने में सहभागी बने हुए है। चौथे दिन गुरुवार को प्रातरू स्थापित देवताओं का पूजन, महाविष्णु यज्ञ, शांति पौष्टिक होम, पिंडी का अधिवास, स्नपनकर्म, फलाधिकवास, घृताधिवास, पुष्पाधिवास, शय्याधिवास, निंद्रावाहनं विधि कार्य करवाए गए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच लाभार्थियों की ओर से यज्ञ में आहुतियां अर्पित की गई। दिन में चढ़ावों के लाभार्थियों व भामाशाओं का साफा, तिलक व स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन किया गया। दोपहर में नानीबाई रो मायरो कथा का वाचन हुआ।

**भजनों की प्रस्तुति पर झूमे श्रोता :** महोत्सव को लेकर बुधवार रात को भजन गायक श्याम पालीवाल एंड पार्टी व एडवोकेट प्रकाश माली ने भजनों की प्रस्तुति दी। श्याम पालीवाल ने गणेश वंदना व गुरु वंदना की प्रस्तुति से कार्यक्रम का आगाज करते हुए लिखमीदास महाराज रचित वंदना प्रस्तुत की। उन्होंने वणे व्यापारी सतगुरु आया..., मने घोड़लियो मंगवादे... सहित एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान एडवोकेट प्रकाश डी माली ने स्वरचित लिखमीदास महाराज की वंदना प्रस्तुत की। उन्होंने आधु आधु पंथ नमण..., मेहंदी माताजी रे मन भाई..., लाल लंगोटो बाला हाथ..., जागो जागो लिखमाजी रा भगतों..., राज घणावर सुंधा पहाड़ों में..., ओ मारो मनवो काग स्वरुपी... सहित कई भजन प्रस्तुत कर समां बांधा। इस बीच मनोज रिया एंड पार्टी ने शिव तांडव की शानदार प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन ऋषभ नागर ने किया।

नानाबाई रो मायरो कथा में उमड़े श्रद्धालु

प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत आयोजित नानीबाई रो मायरो कथा में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। गुरुवार को कथावाचक संतोष आश्रम सोजत के चेतनगिरी महाराज ने कहा कि समर्पण व निस्वार्थ भाव से भक्ति करने वाले भक्तों पर भगवान की हर समय कृपा दृष्टि बनी रहती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन बार–बार नहीं मिलता है। हमें सत्कर्म करते हुए नियमित रूप से थोड़ा समय प्रभु की भक्ति के लिए जरुर निकालना चाहिए। संत लिखमीदास की वंदना के साथ कथा वाचन करते हुए उन्होंने भक्त नरसी मेहता के पूर्व तीन जन्मों का वृतांत सुनाया व बचपन की कथा सुनाई। इस प्रकार पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में समाज के सभी वर्गो ने उपस्थित हो संत श्री लिखमीदास जी महाराज के जयकारों के साथ ही आयोजन को सफल बनाया।



जूनियर एशिया कप तीरंदाजी

# अमन सैनी का 2 ब्रॉन्ज पर निशाना, एशियन गेम्स के ट्रायल के टॉप 8 में शामिल



नई दिल्ली। समाज के युवा अमन सैनी ने फिलीपींस मे 5 से 12 अप्रैल तक आयोजित जूनियर एशिया कप मे भारतीय तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए दो ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। उन्होंने मिक्स इवेंट और इंडिविजुअल में ब्रॉन्ज मेडल पर तीर चलाया है। मिक्स इवेंट में महाराष्ट्र की मृणाल हिवराले के साथ मिलकर ब्रॉन्ज उन्होंने अपने नाम किया।

**सीनियर में भी देश का कर चुके हैं प्रतिनिधित्व** – अमन कुमार दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज के बीए फाइनल ईयर के स्टूडेंट हैं। वे पिछले साल वर्ल्ड चौंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। यही नहीं पिछले साल आयोजित एशियन कप में भी देश का प्रतिनिधित्व करते हुए टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। वह दिल्ली यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करते हुए ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में भी मेडल जीत चुके हैं। यही नहीं वह इंडियन राउंड में भी नेशनल स्तर पर दिल्ली के लिए मेडल जीत चुके हैं।

अमन सैनी ने सीनियर वर्ग में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 15 से 18 मार्च तक वर्ल्ड कप स्टेज वन व टू के लिए हुए ट्रायल में वे पांचवें नंबर पर थे। एशियन गेम्स के लिए ट्रायल में दिल्ली के तीन तीरंदाज ने क्वालिफाई किया है। कंपाउंड राउंड में दिल्ली के अमन सैनी के अलावा अभिषेक वर्मा ने इसके लिए क्वॉलिफाई किया है। जबकि रिकर्व राउंड के लिए अजय कुमार क्वॉलिफाई हुए हैं।

**एशियन गेम्स के लिए शामिल होना है टारगेट**

जूनियर एशिया कप में दो ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले अमन सैनी का कहना है कि उनका अगला टारगेट सितंबर में आयोजित होने वाली एशियन गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए मेडल जीतना है। वह अपने टारगेट को ध्यान में रखकर ही सोनीपत में एक्सिलैंस सेंटर में अभ्यास कर रहे हैं। उनकी कोशिश है कि जून में होने वाले ट्रायल में वह बेहतर स्कोर करें। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड कप स्टेज वन व टू के लिए हुए ट्रायल में सीनियर खिलाड़ियों की मौजूदगी में वह पांचवें नंबर पर रहे थे। ऐसे में उन्हें विश्वास है कि वह एशियन गेम्स के लिए आयोजित होने वाले ट्रायल में बेहतर स्कोर कर सकेंगे।

**इंडियन राउंड से आर्चरी की शुरूआत**

अमन सैनी शुरू ने आर्चरी की शुरुआत इंडियन राउंड से की। इंडियन राउंड एशियन गेम्स और ओलिंपिक गेम्स में नहीं होने के कारण उन्होंने बाद में कंपाउंड राउंड की ओर अपना कदम बढ़ाया। उन्होंने शुरुआत इसलिए इंडियन राउंड से की, क्योंकि कपाउंड राउंड के एक्यूपमेंट काफी महंगे होते हैं। उन्हें खरीदनें में अमन को थोड़ा वक्त लगा।

**ताईक्वांडों में स्टेट स्तर पर जीत चुके हैं मेडल**

अमन सैनी बताते हैं कि उनका रिचमंद ग्लोबल स्कूल पश्चिम विहार में एडमिशन ही ताईक्वांडों में स्टेट स्तर पर मेडल जीतने के बाद मिला। लेकिन जब वह स्कूल में गए तो उनके ताईक्वांडों कोच संजय कुमार ने स्कूल में चलने वाले आर्चरी अकैडमी के कोच सुरेंद्र कुमार से मिलाया। उन्होंने आर्चरी अकैडमी में जाकर दूसरे बच्चे से लेकर तीर चलाया तो उनका निशाना टारगेट के बीच में लगा। जिसके बाद सुरेंद्र कुमार व संजय कुमार ने उन्हें आर्चरी में करियर अपनाने के लिए प्रेरित किया। और यहीं से उनकी शुरूआत एक तीरंदाज के रुप में हुई।

# समाज के भामाशाहों से अपील नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मैडल विजेता दिव्यांग शिवराज की मदद को आगे आएं

**शिवराज ने 11 बार किया रक्तदान, मेड़ता के शिवराज सांखला बचपन से पोलियो से पीड़ित हैं**



मेड़ता । मेड़ता शहर के 27 वर्षीय शिवराज सांखला बचपन से पोलियो से पीड़ित हैं। वे पैरों पर खड़ा नहीं हो पाते। शारीरिक अक्षमता को उन्होंने जज्बे में बदल दिया। 2016 में नेशनल राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में महाराष्ट्र के पुणे में हुई 60वीं नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में गोल्ड मैडल जीता। वे 10 माह के कड़े परिश्रम से गोल्ड मैडलिस्ट निशानेबाज बने।

नई दिल्ली में हुई ऑल इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग चौंपियनशिप में कांस्य व ऑल राजस्थान राज्य ओपन शूटिंग चौंपियनशिप में रजत पदक जीता। अब शिवराज 2020 में जापान के टोक्यो में होने वाले ओलिंपिक की तैयारी कर रहे हैं। वे इंडिया टीम के लिए ट्रायल दे रहे हैं। अब दो ट्रायल बचे है। शिवराज अजमेर के लोहागल स्थित करणी शूटिंग एकेडमी में तैयारी कर रहे है। शिवराज अपनी दिनचर्या के सभी कार्य खुद करते हैं। अब तक 11 बार रक्तदान भी कर चुके हैं। उनके पास निजी पिस्टल भी नहीं है। उनका सपना है कि उनकी खुद की एक पिस्टल हो। ताकि वह अभ्यास कर सकें।

राज्य क्रीड़ा परिषद में फाइल लगाने के बाद भी शिवराज की सहायता नहीं मिली है। शिवराज ने अपनी उपलब्धि का श्रेय मां निर्मला देवी, भाई मुन्नालाल व कालूराम सांखला को दिया है। दोनों भाई मजदूरी करके अपने भाई के सपनों को पूरा करने में जुटे हैं।

**रियो ओलंपिक देख चढ़ा निशानेबाजी का जुनून**

2016 में रियो ओलिंपिक ने शिवराज की जिंदगी में बदलाव ला दिया। अभिनव बिन्द्रा को खेलते देख उन्होंने निशानेबाजी करने की ठानी। शिवराज ने फरवरी 2016 में पहली बार पिस्टल थामी और दिसंबर 2016 में पुणे में गोल्ड मैडल भी जीत लिया। शिवराज नई दिल्ली में हुई ऑल इंडिया शूटिंग चौंपियनशिप में कांस्य और राज्य प्रतियोगिता में जीत चुके हैं रजत पदक।

**पावर लिफ्टर से शूटर बना शिवराज** – शिवराज शूटिंग से पहले पावर लिफ्टिंग कर चुके है। 12वीं की पढ़ाई के बाद उन्होंने पॉवर लिफ्टिंग शुरू की और कई प्रतियोगिताएं जीतीं। वे 150 किलोग्राम भार का वेट उठा चुके है। मगर 2016 में शिवराज पावर लिफ्टिंग छोड़कर शूटिंग के क्षेत्र में आ गए। यहां आते ही गोल्ड मैडल से कॅरिअर की शुरुआत की।

### केन्द्रीय चुनाव समिति में हुए शामिल, पहले भी 5 साल महामंत्री रहे, फिर मुख्यमंत्री बनकर राजस्थान लौटे हैं

# राजस्थान का हर कोना दिल में बसा है, मैं थांसू दूर नहीं - गहलोत

## ...अंतिम सांस तक राजस्थान के लोगों की सेवा करूंगा



जयपुर। कांग्रेस के संगठन महासचिव अशोक गहलोत ने कांग्रेस की सियासत को गर्माने वाला बयान दिया है। ज्योतिबा फूले जयंती समारोह में अशोक गहलोत ने कहा कि कोई अफवाह में नहीं आए। अंतिम सांस तक राजस्थान के लोगों की सेवा करूंगा, लोगों ने इतना प्यार दिया है जो राजस्थान के इतिहास में दर्ज हो गया। पहले मुझे पंजाब, उसके बाद गुजरात और अब संगठन महामंत्री बना दिया है तो दिल्ली में ही काम करेंगे, इसलिए मुझे कहना पड़ा कि मैं थां सू दूर नहीं।

गहलोत ने कहा कि मुझे कांग्रेस को डेमेज नहीं करना। मुझे इन दिनों लोगों का जितना प्यार मिला है उतना मुख्यमंत्री रहते हुए भी नहीं मिला। जब मेरे जैसे साधारण परिवार में पैदा हुए व्यक्ति जिसकी जाति का कोई बड़ा आधार नहीं था, उसे इतने बड़े पदों पर काम करने का मौका दिया, उसका असर भाजपा पर भी हुआ। प्रभुलाल सैनी को मंत्री बनाना पड़ा, मदनलाल सैनी को पहले भाजपा में कोई पूछ नहीं रह था, उन्हें अचानक राज्यसभा में मौका दिया। भाजयुमो के अध्यक्ष पद पर सैनी को मौका दिया, यह सब आप लोगों की वजह से हुआ है और भाजपा में जो पद इस वर्ग को दिए हैं वह भी आपके खाते में ही आएंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के नवनियुक्त संगठन महासचिव अशोक गहलोत ने कहा कि जिस प्रकार प्रदेश में हुए उप चुनाव सभी कांग्रेसी नेताओं ने मिलकर लड़े और जीते। ऐसा ही आने वाले विधानसभा चुनावों में होगा। कांग्रेस एकजुट होकर चुनाव लड़ेगी। शनिवार को मीडिया से बातचीत में जब उनसे पूछा कि गया कि क्या उनको केंद्र में जिम्मेदारी देकर राजस्थान में सचिन पायलट को फ्री हैंड दे दिया गया है?गहलोत बोले–राजस्थान का हर गांव–ढाणी व कोना मेरे दिल में है। मैं आपसे दूर नहीं रहूंगा, या कहूं कि मैं थांसू दूर नहीं। जोधपुर मेरी प्रयोगशाला रहेगी। पांच साल तक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का महामंत्री रहने से पहले भी दिल्ली में रहा, लेकिन राजस्थान का मुख्यमंत्री बनकर लौटा। जब राजनीति से रिटायर्ड हो जाऊंगा तब जोधपुर आकर रहूंगा। उन्होंने कहा कि आलाकमान ने विश्वास करके जो नई जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी तरह समझकर निभाने की कोशिश करूंगा। नई पीढ़ी को कांग्रेस से जोड़ेंगे। आज नई पीढ़ी और कांग्रेस के बीच थोड़ी दूरी आ गई है। नई पीढ़ी को कांग्रेस के बलिदानों की जानकारी नहीं है, जबकि बीजेपी अब 70 साल बाद गांधी व पटेल को अपना रही है। थोड़े समय बाद वे नेहरू को भी अपनाएंगे। राजस्थान में सभी विपक्षी पार्टियों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि यह फैसला वर्किंग कमेटी करेगी। उन्होंने कहा कि देश में घृणा, नफरत, हिंसा की राजनीति बंद होनी चाहिए। कांग्रेस ने कभी भी महापुरुषों के नाम को नहीं बदला, लेकिन वसुंधरा सरकार अहम व घमंड में राजीव गांधी के नाम की योजनाओं का नाम बदल रही है। गहलोत ने कहा कि राममंदिर मामले में कोर्ट से जो भी आदेश आए, वह सभी को मानना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस में इस समय जबरदस्त खलबली मची हुई है। गहलोत विरोधी पहले से जमकर प्रचारित कर रहे थे कि गहलोत की पकड राजस्थान में ढीली होकर उनका उपयोग केन्द्र की राजनीति में बढ़ जाएगा। हालांकि गहलोत समय–समय पर राजस्थान आकर ये संदेश देते रहे कि वे राजस्थान से दूर नहीं। वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष सचिन पायलट मुख्यमंत्री बनने का सपना संजोए हुए है और वे गहलोत विरोधियों की पीठ पर सवारी राजनीति शुरू से ही कर रहे हैं। वे राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से राजस्थान में फ्री हैंड चाहते है। राहुल भी उन्हें ये फ्री हैंड दे रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर गहलोत का भी कद दिन ब दिन बढाते जा रहे हैं। अब तो उन्हें केन्द्रीय चुनाव समिति में भी शामिल कर लिया गया है।

**पूरे देश में एकमात्र गहलोत का ही हुआ सलेक्शन :** पूरे देश से एकमात्र गहलोत को ही सदस्यीय कमेटी के 12वें सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। ये वो समिति है जो चुनावों में प्रत्याशियों के टिकट फाइनल करती है। प्रदेश संगठन तो केवल प्रत्याशियों के नाम ही सुझाता है। जिसपर ये समिति ही पर्यवेक्षक भेजकर हर जिले की हर विधानसभा सीट का आंकलन तैयार कर रिपोर्ट केन्द्रीय चुनाव समिति को सौंपती है। ऐसे में गहलोत राजस्थान से है तो उन्हों प्रत्याशी चुनने का एक तरह से वीटो ही मिला है, तो क्या ऐसे में गहलोत अपने समर्थक विधायक प्रत्याशियों को टिकट दिलवाकर एक बार फिर राजस्थान के मुख्यमंत्री बनने को अपने आपको दौड़ में रखने में कायमाब होंगे, इसी सोच ने गहलोत विरोधियों के पसीने छुड़ा दिये है। यू भी विधानभा चुनावों के वक्त ही ये तय होगा कि अगर गहलोत विधानसभा चुनाव लड़ते है तो ये भी तय रहेगा कि हाईकमान के निर्देश पर ही वे ऐसा कर रहे है। हाईकमान अगर गहलोत को विधायक चुनाव लड़वाता है तो ये भी तय है कि मुख्यमंत्री का ताज भी गहलोत ही पहनेंगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो भी गहलोत अपने समर्थक विधायकों को जीत दिलवाकर भी ये सीट हाईकमान पर दबाव डलवाकर भी लेने में कायमाबी शामिल कर सकते है। वैसे भी वे राजनीति के चाणक्य माने जाते है।

**समर्थक भी जुटे अगले सीएम के रूप में प्रजेंट करने में** : बहरहाल, गहलोत का केन्द्र में दिन ब दिन बढ़ रहा कद पायलट, सीपी जोशी व बीडी कल्ला गुट के लिए परेशानियों का सबब बनता जा रहा है। इसके चलते गहलोत समर्थक महानायक का नाम लेकर उन्हें अगले सीएम के रूप में प्रजेंट करने में भी नहीं चूक रहे है। वैसे भी गहलोत दूसरी बार मुख्यमंत्री बने तब ना तो प्रदेश में वे संगठन में थे और ना ही केंद्र में, तब उनके घोर विरोधी माने जाने वाले तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष सी. पी. जोशी तो हारे ही साथ ही मुख्यमंत्री बनने की चाह रखने वाले बीडी कल्ला भी चुनाव हार गए, तो गहलोत को नेतृत्व सौंपा गया। उन्होंने अपने राजनीतिक सूझबूझ में ही बिना बहुमत के भी बसपा विधायकों को कांग्रेस में मिलाकर सरकार ना केवल बनाई बल्कि पांच साल चलाई भी।

**हमारे समाज के लिए गौरव की बात है कि समाज के श्री अशोक गहलोत ने अपनी निष्पक्ष, ईमानदार और सर्वजन हिताय के अपने व्यवहार एवं कर्म से न केवल समाज वरन् राजस्थान के साथ ही पूरे देश में अपनी प्रंशसकों की संख्या तो बढ़ाई ही है अपने कद को भी इतना बड़ा कर दिया है कि राष्ट्रीय स्तर पर श्री अशोक गहलोत का कद दिन ब दिन पार्टी में बढ़ता जा रहा है यह संकेत राष्ट्रीय स्तर पर समाज के लिए बहुत अच्छा है तथा हम सभी को श्री अशोक गहलोत के हाथों को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए।**

आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों में समाज की ओर से चुनाव लडने को लेकर 5 मई को ले सकते है ठोस निर्णय

# माली समाज के नेता राजनैतिक दलों को दिखायेगें अपना शक्ति प्रदर्शन

टोंक। माली समाज ने जातिय समीकरण के आधार पर राजनैतिक दलों के सामने अपना शक्ति प्रदर्शन दर्शाने के लिये ओर आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों में समाज की ओर से चुनाव लडने को लेकर रणनीति तय किये जाने सहित अन्य समाज सुधार के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को लेकर गुरूवार को माली समाज के विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने एक पोस्टर का विमोचन करते हुये 5 मई को आम चौरासी की महापंचायत की घोषणा कर दी है।

जब–जब माली समाज ने अपने हित के लिये जिस भी राजनीतिक पाटियों के खिलाफ बगावत के स्वर बजाये है, तब–तब माली समाज का तिरस्कार करने वाली राजनीतिक पार्टियों को मुंह की खानी पड़ी है, उदाहरण के तौर पर लगभग ढाई दशक पूर्व जब माली समाज ने हुंकार भरते हुये विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों से टिकट की मांग की थी, तब राजनीतिक दलों द्वारा माली समाज के व्यक्ति को टिकट नही दिये जाने से आक्रोशित माली समाज ने निर्दलीय के रूप में नवरत्न सैनी सोनेट को चुनाव मैदान में उतारा ओर नतीजा यह रहा कि कांग्रेस की प्रत्याशी जकिया टोंक विधानसभा से चुनाव जीतकर पहली बार राजस्थान सरकार में मंत्री पद को सुशोभित किया। इसमें कोई दौराया नहीं है कि माली समाज भाजपा का वोट बैंक है, लेकिन उसके बाद भी भाजपा के महावीर प्रसाद जैन को हार का सामना करना पड़ा। यहीं नहीं माली समाज समाज ने 2003 में फिर हुंकार भरी तो टोंक जिले से माली समाज को एक टिकट देने की मांग रखी, भाजपा ने माली समाज की इस मांग को मानते हुये उनियारा से प्रभुलाल सैनी को टिकट दिया जिसके बाद वे चुनाव जीतकर मंत्री बने। एक बार फिर से माली समाज ने अपने जातिय वोट बैंक की ताकत को दिखाने के लिये खुलकर सामने आ गया है। ओर दोनो की राजनीतिक पार्टियों से टोंक जिले की किसी भी विधानसभा से माली समाज के व्यक्ति को टिकट देने की मांग करनी शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि वर्ष 2016 में भाजपा का वोट बैंक माने जाने वाले माली समाज द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी भी शामिल हुये, गहलोत के इस कार्यक्रम के बाद कयास यह भी लगाये जा रहे थे कि भाजपा अगर माली समाज को नाराज करीब है तो माली समाज कांग्रेस को समर्थन कर सकता है, लेकिन धीरे–धीरे बात ठण्डी हो गई।

सत्ता ओर संगठन में तालमेल नहीं होने के चलते भाजपा जनप्रतिनिधियों द्वारा माली समाज को खास तव्वजों नहीं मिलने के चलते भाजपा नेताओं से नाराज माली समाज के प्रमुख नेताओं में गिने जाने वाले पांचू लाल सैनी के शिव सेना संगठन का दामन थाम लिया है, जो आगामी चुनावों में भाजपा ओर कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकते है।

जानकारी के मुताबिक टोंक विधानसभा में माली समाज की संख्या एक–सवा लाख के लगभग है, माली समाज की बात करे तो 60 प्रतिशत भाजपा के समर्थन में जाते है ओर 30 प्रतिशत कांग्रेस तथा 10 प्रतिशत अन्य। अगर भाजपा ओर कांग्रेस दोनो राजनीतिक दल माली समाज का तिरस्कार करता है तो आगामी चुनावों के समय जो समाज निर्णय लेगा वो सर्वपरी होगा।

वहीं जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया का कहना है कि माली समाज आम चौरासी के पंचों की आम पंचायत मुख्यालय टोंक में संतोषी माता मंदिर प्रांगण में पिछले महिने रखी गई थी। उक्त पंचायत में फैसला लिया गया था कि आगामी आम चौरासी की महापंचायत जिला माली समाज द्वारा बुलायी जावे जिसमें समाज सुधार को लेकर महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर फैसला लिया जावे उक्त फैसले की पालना में आमचौरासी के पंचो की महापंचायत जिला टोंक में "महात्मा ज्योतिब फूले छात्रावास महादेवाली टोंक राज0 में 5 मई 2018 को शाम 7रू00 बजे रखी गई है। जिसके आम सूचना पोस्टर का विमोचन गुरूवार को माली समाज के सामाजिक संगठनों ओर राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने एक जुटता दिखाने हुये मदरलैण्ड शिक्षण संस्थान परिसर में किया गया।

जिलाध्यक्ष सिंगोदिया ने बताया कि उक्त महापंचायत में समाज में फैली हुई कुरूतियों पर विस्तृत चर्चा (मृत्युभोज, बाल विवाह, दहेज प्रथा, विधवा विवाह, अशिक्षा इत्यादी), इस वर्ष 2018 में होने वाले विधान सभा चुनाव एंव लोकसभा चुनाव में चुनाव लडने बाबत निर्णय करना, सामाजिक एकता एंव समाज उत्थान व समाज की चल–अचल सम्पत्ति की रक्षा करना एंव विकास में सामाजिक भागीदारी तय करना, सामाजिक संस्थान, छात्रावास, धर्मशाला, मंदिर इत्यादी के विकास के लिये कार्य योजना बनाकर क्रियान्विति करना, समाज में तहसील एंव जिला मुख्यालय पर विभिन्न मदो से प्राप्त हुए अंशदान को एकत्रित कर उसका समाज हित में उचित उपयोग करना सहित निम्न बिन्दुओं पर आम चौरासी के पंचो द्वारा विचार विमर्श कर समाज हित में फैसला लिया जावेगा।

पोस्टर विमोचन के दौरान भाजपा युवा मोर्चा के राजेन्द्र उर्फ बबलू टैंकर, पूर्व भाजपा शहर मण्डल टोंक अध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया, शिव सेना जिला प्रमुख पांचूलाल सैनी, कमलेश डाबला, जिला कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष राहुल सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर लाल कच्छावा, कांग्रेस नेता लाभचंद अजमेरा, रामअवतार टांक, जिला मीडिया प्रभारी कमलेश सैनी, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष कालूराम बागड़ी, जगावर सैनी आदि मौजूद रहे।

## आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 900 लोगों का इलाज





लक्ष्मणगढ़ कस्बे के सैनी भवन में चार दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का समापन सोमवार को हुआ। शिविर प्रभारी जगदीश सैनी ने बताया कि शिविर में चार दिन में लगभग 900 रोगियों की जांच कर निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर के अंतिम दिन बंजारा बस्ती में बडी तादाद में रोगियों की भीड़ उमड़ी। शिविर में जयपुर स्थिति राष्ट्रीय आयुर्वेदिक संस्थान के आयुर्वेद चिकित्सकों की अनुभवी टीम ने अपनी निःशुल्क सेवाए प्रदान की। समाजसेवी आनंद बागडी की स्मृति में आयोजित शिविर के समापन समारोह में पूर्व पालिकाध्यक्ष दिनेश जोशी ने कहा कि चिकित्सा सेवा मानव सेवा का सबसे अच्छा विकल्प है। सरपंच महावीर मातवा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम को जिला क्रिकेट एसोसियेशन के उपाध्यक्ष बाबूलाल सैनी, बागडिया स्कूल के सचिव पवन गोयनका, भाजपा जिला मंत्री अमित शर्मा बलारा, पूर्व शहर भाजपा अध्यक्ष जयप्रकाश सरावणी, भाजपा युवा नेता अरूण चौधरी, बलारा भाजाप मंडल महामंत्री अर्जुन कोटवाल, महावीर सेवा समिति के मंत्री व्यवसायी ललित भूत, सैनी समाज के अध्यक्ष रामावतार सिगोदिया व से.नि. पुस्तकालयध्यक्ष रामस्वरूप भभैवा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि मुकेश टांक, जगदीश सैनी, रामगोपाल चुनवाल, एडवोकेट सज्जन सैनी, महावीर जाजम, नागरिक परिषद युवा प्रकोष्ट के सचिव निशांत गोयनका, मयंकगोयनका सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# राज्य सभा सांसद माननीय मदन लाल सैनी का अजमेर माली समाज द्वारा किया गया भव्य स्वागत व अभिनंन्दन



अजमेर। अखिल भारतिय समता परिषद के तत्तवाधान मे तोपदडा स्थित , गढवाल पैलेस, अजमेर मे माली समाज अजमेर द्वारा माननीय राज्य सभा सांसद मदनलाल सैनी व युवा बोर्ड अध्यक्ष भुपेन्द्र सैनी का शानदार स्वागत किया गया।

अजमेर माली समाज के लोगों ने व समाज की सभी संस्था के अध्यक्ष ,पधाधिकारीयो से लेकर सदस्यों ने उनके भव्य स्वागत में पलके बिछा दिए। उन के स्वागत में तो कई संस्था के लोग व पार्टी के झुझारू कार्यकत्ता पुरे तन मन से लगा हुए थे। इससे पुर्व सैनी ने अजमेर क्लब स्थित महात्मा ज्योतिराव फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पाजलिं अर्पित की, फिर खुली जीप पर सवार हो कर रोड शो द्वारा गढवाल पैलेस पर लाया गया। पूरे रास्ते में समाज के लोगो ने पुष्प वर्षा की। अजमेर के मुख्य मार्गो पर उनके स्वागत के हौर्डिंग बोर्ड भी लगाये गये व भव्य आतिश बाजी की गयी।

इस अवसर पर माननीय सैनी ने कहा भाजपा सरकार ने हमेशा से ही जनता के हित मे कार्य किया है। इस अवसर पर युथ बोर्ड के चेयरमेन माननीय भुपेद्र सैनी का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पधाधिकारी, समाजबंधुओ मे घीसु गढवाल ,प्रेम राज सौलकी, महैश चौहान ,दिलीप गढवाल, त्रिलोक चन्द इदौरा, राजेश भाटी, हनिश मारोठिया, धमेन्द्र टाक ,मनीष मारोठिया, चांदमल टाक , सतोष मोर्य , महेन्द्र जादम, प्रदीप कच्छावा, सतीश सेनी, राजेश गढवाल, बलराज कच्छावा, राजेन्द्र मोर्य, अनिल मोर्य, मोती सिह सैनी, हेम राज सिसोदिया, गोपी जादम, बिशन सांखला, रवि राज माली, शारदा मालाकार, माया चौहान सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। पुनम चन्द मारोठिया ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने पर सभी समाज बंधुओं व झुझारू कार्यकत्ताओ का आभार व धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम का मंच का संचालन माखन मारोठिया ने किया।



श्री नारायण सेवा समिति की ओर से हुआ आयोजन

# नेकी की दीवार में 5 हजार लोगों को बांटे कपड़े



जोधपुर । श्री नारायण सेवा समिति की ओर से गुरुवार को मंडोर के चौनपुरा स्थित अमृतलाल स्टेडियम में नेकी की दीवार का आयोजन कर करीब 5 हजार लोगों को कपड़े वितरित किए गए। कार्यक्रम में कच्ची बस्तियों और अन्य इलाकों से लोग सामूहिक रूप से पहुंचे। सुबह दस बजे से ही आसपास के इलाकों से जरूरतमंद परिवार पहुंचने लगे। इस अवसर पर आयोजकों ने उनकी जरूरत के अनुसार कपड़ों का वितरण किया। इस दौरान मंडोर के निकट रहने वाले पाक विस्थापितों के परिवार से भी बच्चे और बड़े कपड़े लेने पहुंचे। शाम 4 बजे तक कपड़े बांटे गए।

कार्यक्रम में लक्ष्मणसिंह सांखला, भंवरचंद सोलंकी, सुखसिंह कच्छवाह, प्रेमसिंह गहलोत, अक्षयसिंह टाक, मोहनसिंह गहलोत, कल्याणसिंह सांखला, मनीष गहलोत, हनुमानसिंह गहलोत, चेतनसिंह गहलोत, छंवरसिंह गहलोत, रामेश्वर गहलोत, रणजीतसिंह गहलोत, लक्ष्मण सर, संदीप परिहार, जगदीश परिहार, महेश परिहार, मुकेश गहलोत, गोविंदसिंह, गहलोत, ओमप्रकाश परिहार, श्रवणसिंह गहलोत, जयसिंह गहलोत, जगदीश देवड़ा सहित अनेक लोगों ने सहयोग किया। इस कार्य में मुस्कान सच्ची सेवा के कार्यकर्ता धनराज बागरेचा एवं उनकी टीम, महिला मंडल हीराबेरा की किरण गहलोत एवं उनकी टीम ने भी सेवाएं दीं।

**हर माह की पांच तारीख को होगा आयोजन**

सामाजिक सरोकार के इस अनूठे कार्य से उत्साहित आयोजकों ने प्रत्येक माह की पांच तारीख को स्टेडियम में ही कपड़ों का वितरण करने की घोषणा कर दी। कार्यक्रम के शुभारंभ पर लवकुश संस्थान के प्रभारी राजेंद्रसिंह परिहार, देवड़ा हुंडई के चेयरमैन किशनसिंह देवड़ा, माली संस्थान के अध्यक्ष पुखराज सांखला, नरेंद्र कच्छवाह, जेडीए के पूर्व चेयरमैन राजेंद्र सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष मनोहरसिंह सांखला ने बताया, कि चार हजार लोगों को वस्त्र वितरण का रखा गया था, मगर एक हजार ज्यादा लोगों को कपड़े दिए गए।

# समाज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सैनी कर्मचारी अधिकारी संस्था द्वारा किया गया सम्मान







जयपुर। सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था राजस्थान की ओर से आयोजित समाज के राजकीय कर्मचारी एवं अधिकारियों का सम्मान समारोह जयपुर के अक्षरधाम मैरिज गार्डन सोडाला पर 30 मार्च 2018 को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री आर पी इंदौरिया पूर्व महानिदेशक (सड़क) एवं स्पेशल सेक्रेटरी भारत सरकार रहे, आप संयुक्त राष्ट्र संघ में भी 10 वर्ष तक देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री ओ. पी. सैनी अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के द्वारा की गई, समारोह के गणमान्य अतिथियों में राज्यसभा सांसद श्री मदन लाल सैनी, पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर सैनी, पूर्व पुलिस महानिरिक्षक श्री एस पी खडगावत, पूर्व विधायक श्री भगवान सहाय सैनी, श्री जी एल वर्मा पूर्व अध्यक्ष पैरामेडिकल कौंसिल, श्री सत्यनारायण सिंह सैनी पूर्व अध्यक्ष डांग विकास बोर्ड, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों में श्री रघुवीर सैनी श्री दिलीप सैनी, श्री ओ पी खडगावत राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, श्री मांगीलाल पवार श्री ओम राजोरिया श्री सिंगोदिया जी सहित एवं कई वरिष्ठ उच्च अधिकारियों, समाजसेवियों एवं शिक्षाविदों रहे।

सम्मान समारोह में लगभग 450 सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का सम्मान किया गया, इस दौरान संस्था के सचिव श्री सुरेश सैनी(NHAI) ने संस्था की ओर से स्थापित शिक्षा समिति के अंतर्गत दी जाने वाली सावित्रीबाई फुले छात्रवृत्ति योजना के शुभारंभ बारे में विस्तृत रूप से बताया समारोह में समाज के भामाशाहों ने संस्था की शिक्षा समिति के संचालन के लिए आर्थिक सहयोग किया

वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक अधिकारी श्रीमान ओ पी सैनी ने औसत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को रोजगार से संबंधित कोर्स कराने के लिए आह्वान किया साथ ही शिक्षा समिति के माध्यम से गरीब निर्धन प्रतिभाओं को पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में संस्था के संस्थापक श्री बुद्धसिंह सैनी ने संस्था के शुरुआत से अब तक के सफर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस शानदार कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वर्षों बाद कई कर्मचारी और अधिकारी समाज में आपस में एक दूसरे से रूबरू हुए और एक अनूठी फीलिंग्स महसूस की जो अपने आप में सीनियर सिटीजंस में एक अलग ही जोश भरी ऊर्जा थी। संस्था के अध्यक्ष श्री हनुमान प्रसाद सैनी ने राजस्थान के कई जिलों से पधारे वरिष्ठ समाज बंधुओ और सभी कार्यकर्ताओं का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया जिन्होंने कार्यक्रम में पिछले एक महीने से पूरी जी जान लगा कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपने तन मन धन से बहुमूल्य योगदान दिया

मंच का सफल संचालन श्री सुरेश चंद सैनी सचिवालय, प्रकाश चंद सैनी विधानसभा, श्री शांतिलाल सैनी विधानसभा और श्री सुरेश सैनी(NHAI) ने किया





# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलेत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा

श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़

श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, कुड़ी फार्म, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,

# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल (ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पूनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, जोधपुर
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबूलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा(चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर

## मालियान विध्या समिति, अजमेर की विशेष आम सभा संपन्न

अजमेर। दिनांक 22 अप्रेल, रविवार को प्रात 11.30 बजे मालियान विध्या समिति भवन, भजन गंज पर समिति की विशेष आम सभा का आयोजन रखा गया । जिसमे करीब 300 सदस्यो ने लोकतान्त्रिक तरीके से सौहार्दय पुर्ण व शान्तिपुर्ण तरीके से संपन्न हुयी । सभी के सवाल– जवाब शान्तिपुर्ण तरीके से लिखित मे दिये । समारोह की अध्यक्षता हनुमान कच्छावा ने की ,समिति सचिव धमेन्द्र चौहान ने कार्यवाही व मंच सचालन स्वंय किया । कार्यकारीणी सदस्यो मे टिकम चन्द टांक, ललित चौहान, दिलीप गढवाल, राजेन्द्र बागडी, गोविन्द जादम, नौरत कच्छावाह, दिलावर, गोपाल चौहान मंच पर उपस्थित थे।

बैठक मे समिति के संशोधित संविधान पर चर्चा की, आय –व्यय, सदस्यता शुल्क, प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा, मालियान स्कुल की प्रगति व विकास के प्रमुख मुद्दे छाये रहे । पहले तीन पद के लिये चुनाव होता था अब कार्यकारिणी सहीत 13 सदस्यो के तीन साल के लिये चुनाव होगें, इस पर सभी ने मोहर लगा दी। महिलाओ को कार्यकारीणी मे 30 प्रतिशत आरक्षण देने की सहमती भी बनी। इसके साथ – साथ कौचिग सेन्टर के विस्तार व सुचारू रूप से चलाने हेतु सायं तीन बजे से उसी भवन मे देने का निर्णय लिया। इसमे सभी प्रकार की परीक्षाओ की तैयारी कराने का निर्णय लिया। बैठक की समापन के पश्चात लंच की व्यवस्था विधा भवन मे ही रखी गयी। समारोह के सफल आयोजन व व्यवस्थाओ पर माली (सैनी) समाज, अजमेर द्वारा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं, मालियान विधा समिति, अजमेर को दी गई। बैठक मे निम्न सदस्य उपस्थित थे प्रेम राज सौलकी, राजैन्द्र मौर्य, कांवर लाल सौलकीं, प्रदीप कच्छावा, रतन लाल टाक, चेतन सैनी, मुरली सांखला, विन्नु मोर्य, मुरलीधर चौहान, अनिल मोर्य, मुकेश चौहान, मोहन सांखला, सतीश सैनी, नवीन कच्छावा, जय देव साखला, हेमराज सिसोदिया, धमेन्द चौहान, छगन जादम, मोती सिह सैनी, विरजीत महावर, पन्ना भाटी, सर्वेश पालरिया, भागचन्द पंवार, शशी मावर, भानु कच्छावा, विरेन्द्र चौहान, त्रिलोक सांखला, हेमराज बागडी, चांदमल टांक, रूप चन्द भाटी, माकन मारोठिया, डा.भपेन्द्र कटारिया प्रमुख है। महिलाओ मे शारदा मालाकार, आशा तुनवाल, पुष्पा सैनी, सीमा मारोठिया, नेहा सैनी, चेतना सोलकीं, सौनल मोर्य उपस्थित थी।

हौसले को सलाम

## 23 वर्षीय बलराम सैनी का पहले ही प्रयास में आरएएस मेन परीक्षा में चयन

सीकर। इनसे मिलए ये है ग्राम पंचायत चौकड़ी की ढाणी टीबावाली का लाल बलराराम सैनी। उम्र महज 23 वर्ष। मुकाम ऐसा जिसे जानकर सबको ताज्जुब होता है। पिता मूंगाराम सैनी की 6 संतानों में उम्र में सबसे छोटे इस लाडले ने पहले ही प्रयास में कीर्तिमान हासिल किया है। सैनी का नेट जेआरएफ में भी चयन हो चुका है। अभावों को इस लाडले ने कभी अपने पर हावी नहीं होने दिया। पिता किसान एवं मम्मी गृहणी है। बलराम ने अपनी स्कूल एवं कॉलेज की पढ़ाई सरकारी इंस्टीट्यूट से की। इन्होंने आरएएस प्री, आरएएस मेन उत्तीर्ण करने के बाद इंटरव्यू में भी शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतिदिन चौदह घण्टे पढाई करने वाले इस लाडले ने युवाओं को संदेश दिया है कि रोजाना अपनी तैयारी को जारी रखना चाहिए।

कक्षा बारहवी तक एनसीईआरटी की किताबों को अध्ययन कर उन्होंने अपनी तैयारी मजबूत की। इनके एक भाई एवं चार बहने है। उत्कर्ष कोचिंग जोधपुर में इन्होंने तैयारी की उसके बाद सीकर में पुलिस लाइन के आगे रेलवे फाटक के पास रूम किराया लेकर अपनी तैयारी जारी रखी। उक्त लाडले ने एमए, बीएड एवं नेट जेआरएफ कर रखी है। बलराम अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता, गुरूजनगण एवं अपने दोस्त दिनेश सैनी को देता है।


माली सैनी संदेश परिवार बलराम सैनी को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता हैं तथा समाज के युवाओं से बलराम सैनी से प्रेरणा लेने का आव्हान् करता है अगर कोई भी विद्यार्थी सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत करें तो उसे अवश्य ही मनचाही सफलता प्राप्त होती है।

# माली सैनी सन्देश













## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

## सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत14वर्षों से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। **आप हमें Paytm से मोबाइल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज सकते है।**

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

सदस्यता राशि

| दो वर्ष रु 400/- | पांच वर्ष रु 900/- | आजीवन रु 3100/- |
|---|---|---|

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन।/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रुपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखें : - प्रचार प्रभारी

3, जवरी भवन, भैरुबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज।)

**Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com**
**www.malisaini.org EAmail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org**

## ही क्यों ?

**क्योंकि**

**हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पठकों का विशाल संसार**

**क्योंकि**

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464,

log on : www.malisainisandesh.com

e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरपुरा, जोधपुर**

# महात्मा ज्योति बा फूले की जयंति पर आयोजित कार्यक्रम की झलकियां



















Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन



समाज गौरव आदरणीय

**श्री चेतन देवड़ा**

के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) पद पर पदोन्नत



माली समाज गौरव

**श्री सौरभ कुमार सुमन (माली)**

को श्योपुर (मध्यप्रदेश) के नये कलेक्टर के रुप में नियुक्त




ग्राम पंचायत अमरसागर की सरपंच लता माली को जयपुर में राज्य स्तरीय पंचायत अवार्ड से मुख्यमंत्री शासन सचिव द्वारा माननीय मंत्री श्री डॉ. प्रभुलाल जी सैनी राजेंद्र सिंह राठौड़ द्वारा सम्मानित होने पर।



नवलकिशोर जी सैनी को जयपुर में राज्य स्तरीय पंचायत अवार्ड से मुख्यमंत्री शासन सचिव द्वारा माननीय मंत्री श्री डॉ. प्रभुलाल जी सैनी राजेंद्र सिंह राठौड़ द्वारा सम्मानित होने पर।



पीपाड़ माली समाज की लाड़ली ममता टाक वरिष्ठ सहायक लोको पायलट मुख्यालय जोधपुर को रेलवे महाबंधक द्वारा अवार्ड से सम्मानित करने पर।

## माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई अभिनंदन

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR